फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 60, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 25 मार्च 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

शुरू हुआ योगी 'राज' 2.0

योगी आदित्यनाथ को चुना गया विधायक दल का नेता



लखनऊः भाजपा विधायक दल की बैठक में योगी आदित्यनाथ को विधायक दल का नेता चुन लिया गया। योगी सरकार- 2.0 का शपथग्रहण समारोह शुक्रवार को शाम 4 बजे इकाना स्टेडियम में होगा। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद योगी शाम को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के समक्ष 273 विधायकों के समर्थन से सरकार बनाने का दावा पेश किया। भाजपा विधायक दल नेता चुनाव के पर्यवेक्षक एवं गृह मंत्री अमित शाह, सह पर्यवेक्षक रघुवर दास विधायक दल की बैठक में शामिल रहे। इस बैठक में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक और विधान परिषद सदस्य शामिल हुए। इसके अलावा गठबंधन में भाजपा के सहयोगी अपना दल और निषाद पार्टी के विधायक भी मौजूद रहे। साथ ही यूपी विधानसभा चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान, उत्तर प्रदेश के प्रभारी राधा मोहन सिंह, उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ डॉ. दिनेश शर्मा भी मौजूद रहे। लोकभवन में विधायक दल की बैठक से पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की प्रतिमा पर गृह मंत्री अमित शाह, कार्यवाहक मुख्यमंत्री आदित्यनाथ व अन्य नेताओं ने पुष्प अर्पित करे।

हमारी सरकार ने बिना भेदभाव के आम जन तक गरीब कल्याण की योजनाएं पहुंचाईः योगी-विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में पार्टी के विधायकों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं यहां मौजूद सभी लोगों का आभार व्यक्त करता हूं। खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का जिन्होंने मुझ पर एक बार फिर भरोसा जताया। यूपी के इतिहास में भाजपा पहली ऐसी पार्टी है जो सत्ता में दोबारा लौटी है। हमारी सरकार ने एक एक योजना को जनता तक पहुंचाया। केंद्रीय योजनाओं को लागू करने में भी प्रदेश नंबर वन रहा। हमारी सरकार में पहली बार गरीब को लगा कि उसका भी घर बन सकता है।

सबका साथ, सबका विकास मंत्र पर योगी सरकार ने किया कामः शाह

यूपी में एक बार फिर जीतकर भाजपा ने इतिहास रच दिया। लगातार सत्ता में आने का रिकॉर्ड बनाया। ये हम सभी के लिए गौरव का क्षण है, जब किसी मुख्यमंत्री को दोबारा सत्ता में आने का मौका मिला है। जब से आम चुनाव शुरू हुए हैं, उस वक्त से उत्तर प्रदेश में ऐसा नही हुआ है। जनता ने हमें दो तिहाई से अधिक सीटों से जिताया। इससे पूर्व की सरकारों में जातिवाद की वजह से योजनाएं धरातल पर नहीं उतरती थीं। यूपी में पहले कानून व्यवस्था का बुरा हाल था। हमारी सरकारी बनी तो लोगों में आशा जगी। योगी सरकार ने प्रशासन के राजनीतिकरण को समाप्त किया। अब प्रदेश में लोगों को कानून पर विश्वास है। सबका साथ, सबका विकास मंत्र पर योगी सरकार ने काम किया। भाजपा सरकार ने प्रदेश में विकास की नींव डालने का काम किया। अगले पांच साल में यूपी के खोए गौरव को वापस लाने का काम किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में ज्यादातर समय राजनैतिक अस्थिरता का माहौल रहा। इसका नतीजा उत्तर प्रदेश की राजनीति में जातिवादी और परिवारवादी पार्टियों का उदय हुआ।

यूपी में अब विकास और रिफॉर्म की बात होती है। चुनाव प्रचार के दौरान विपक्ष ने दुष्प्रचार किया। आज यूपी तेजी से विकास करने वाला राज्य है। सत्ता प्राप्त करना प्रतिष्ठा का विषय नहीं, जनता के विश्वास पर खरा उतरना बड़ी चुनौती थी। हमारी सरकार ने बिना भेदभाव के आम जन तक गरीब कल्याण की योजनाएं पहुंचाई हैं। सपा-बसपा की सरकार में गरीबों के विकास के लिए कोई योजना नहीं थी। हमारी सरकार ने प्रदेश की जीडीपी को बढ़ाया। आज प्रदेश दंगा मुक्त है। अब वंशवाद और जातिवाद की राजनीति नहीं चलेगी। हमने सुशासन और गरीब कल्याण के लिए काम किया। अब हम लोगों की आय को दोगुणी करेंगे। प्रदेश को नंबर वन अर्थव्यवस्था बनाएंगे। सत्ता में रहकर मालिक बनकर नहीं बल्कि सेवक बनकर काम करेंगे।

'सपा की सरकार में राजनीति का अपराधीकरण था'

उत्तर प्रदेश की जनता इससे मुक्ति चाहती थी। 2017 का समय आया और यहां की जनता को उससे मुक्ति मिली। सपा सरकार में उद्योगपतियों का सम्मेलन दिल्ली में होता था। क्योंकि कोई भी उद्योगपति लखनऊ आने के लिए तैयार नहीं होता था। सपा सरकार में माफिया और गुंडे पुलिस के मालिक बन बैठे थे। गरीब की एफआईआर लिखवाने की हिम्मत नहीं होती थी। 2017 के बाद जब सत्ता में बदलाव हुआ, तो आप देख सकते हैं गुंडे और माफियाओं की क्या हालत है। उधर, 18वीं विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के कद्दावर नेता सूर्य प्रताप शाही, पूर्व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल बेबीरानी मौर्य का नाम चर्चा में है। सूत्रों के मुताबिक भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि बेबीरानी राज्यपाल रह चुकी हैं, ऐसे में उन्हें मंत्री बनाने की जगह विधानसभा अध्यक्ष का संवैधानिक पद ही देना उचित होगा।

शाह ने ही घोषित किया था योगी का नेतृत्वः भाजपा यूपी में विधानसभा चुनाव सीएम योगी के नेतृत्व में लड़ेगी इसकी घोषणा सबसे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने ही की थी। राजधानी के डिफेंस एक्सपो मैदान में 29 अक्तूबर, 2021 को आयोजित पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में शाह ने कहा था कि 2024 में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए 2022 में योगी को फिर से प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना जरूरी है।

धामी कैबिनेटः यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने का प्रस्ताव पास

देहरादूनः पहली कैबिनेट बैठक में पार्टी संगठन ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सरकार का दृष्टि पत्र सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक और प्रदेश महामंत्री अजेय कुमार ने सीएम को दृष्टि पत्र सौंपा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि जनता ने भाजपा और भाजपा के दृष्टि पत्र पर भरोसा किया है और सरकार उस पर पूरी तरह से खरी उतरेगी। उन्होंने कहा कि युवा सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व मे मंत्रिमंडल के सदस्य राज्य को तरक्की की दिशा मे ले जाने के लिए अधिक ऊर्जा से कार्य करेंगे। कहा कि हमने जो संकल्प प्रदेश की देवतुल्य जनता के समक्ष रखे थे, उन पर जनता ने सहमति देते हुए अपना आशीर्वाद दिया। राज्य सरकार जनता की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्प बद्ध है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री श्री सुरेश भट्ट व सभी कैबिनेट मंत्री उपस्थित रहे।

आर्टिकल 44 के तहत राज्य को पावरः वहीं सीएम धामी ने कहा कि हमने चुनाव से पहले कहा था कि यूनिफॉर्म सिविल कोड लेकर आएंगे। हमारा राज्य दो-दो अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से भी लगा है। ऐसे में जरूरी है कि उत्तराखंड में ऐसा कानून हो जो सभी के लिए समान हो। समाज, विधि विशेषज्ञ को मिलाकर हम एक समिति बनाएंगे। यह कमेटी ड्राफ्ट तैयार करेगी।

तेलंगाना में 7 गुना बढ़ी एमएसपी खरीदः गोयल

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और लगातार यह सुनिश्चित किया है कि देश के सभी किसानों को कई नीतियों का लाभ मिले। यह बात गुरूवार को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कही। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में तेलंगाना से चावल की एमएसपी खरीद 2014-15 में 3,391 करोड़ से बढ़कर 2020-21 में 26,610 करोड़ हो गई है। 6 साल में यह 7 गुना बढ़ गया है। वही नीति जो पंजाब पर लागू होती है वह तेलंगाना और अन्य राज्यों पर भी लागू होती है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के किसान निश्चिंत हो सकते हैं कि विभिन्न राज्यों के किसानों के बीच कोई भेदभाव नहीं है। तेलंगाना में कुछ राजनेता राज्य के किसानों को गुमराह कर रहे हैं। मैं तेलंगाना सरकार से इसे रोकने का अनुरोध करता हूं।

आईपीएल के 2 दिन पहले धोनी ने कैप्टेंसी छोड़ी, जडेजा को कमान

चेन्नईः महेंद्र सिंह धोनी चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान नहीं होंगे। उन्होंने टीम की कप्तानी छोड़ दी है। उनकी जगह जडेजा कमान संभालेंगे। सीएसके ने अपने ट्विटर अकाउंट पर इस बात की घोषणा की है। जडेजा 2012 से चेन्नई सुपर किंग्स टीम का हिस्सा हैं। माही की कप्तानी में चेन्नई ने 4 बार आईपीएल का खिताब जीता है। चेन्नई टीम ने इस बार जडेजा और धोनी समेत 4 खिलाड़ियों को रिटेन किया था। धोनी 14 साल से चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान थे। ये पहला मौका है ।

कर्नाटकः विधानसभा में संघ पर छिड़ा संग्राम

बेंगलुरूः कर्नाटक में कानून और व्यवस्था पर चर्चा के दौरान आरएसएस पर कांग्रेस नेता व पूर्व सीएम सिद्धारमैया की टिप्पणी पर आज कर्नाटक विधानसभा में जोरदार हंगामा हुआ। इस दौरान विधानसभा स्पीकर विश्वेश्वर हेगड़े ने कहा, यह हमारा आरएसएस है, मेरा आरएसएस है, आने वाले दिनों में आप सब आरएसएस कहेंगे। वहीं, मंत्री केएस ईश्वरप्पा ने कहा कि भविष्य में सभी मुस्लिम और ईसाई भी आरएसएस कहेंगे। इसके जवाब में विपक्षी विधायक केजे जॉर्ज ने सवाल दागा, आप कौन होते हैं जो कहते हैं कि ईसाई और मुसलमान आरएसएस कहेंगे? बहस के दौरान पूर्व सीएम सिद्धारमैया ने कहा, मैं कभी भी आरएसएस का हिस्सा नहीं बनूंगा और उसका नाम नहीं लूंगा।

हिजाब विवाद के बाद सियासी सरगर्मीः बता दें कि कर्नाटक में हिजाब विवाद के बाद सियासी सरगर्मी जारी है। इसे लेकर मंदिरों में मुस्लिम समुदाय के दुकानदारों को जगह नहीं देने का मामला भी तूल पकड़ रहा है। इस संबंध में आज कर्नाटक के गृहमंत्री ने कहा कि हिजाब के फैसले के बाद कुछ मुसलमानों ने विरोध किया ।

सीबीआई के पास 1000 से ज्यादा मामले लंबित

नई दिल्लीः एक संसदीय समिति ने सीबीआई के पास 1,000 से अधिक मामलों के लंबित होने का जिक्र करते हुए कहा कि देर से मिला न्याय कोई न्याय नहीं है। समिति ने कहा कि मामले दशकों तक नहीं चल सकते। समिति ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को लंबित मामलों के निपटान के लिए एक रोडमैप तैयार करने को कहा। समिति ने संसद में पेश अपनी रिपोर्ट में कहा कि लंबित होने के सवाल पर सीबीआई ने एक लिखित जवाब में कहा है कि इस साल 31 जनवरी तक 1,025 मामलों की जांच लंबित है, जिनमें से 66 मामले पांच साल से अधिक समय से लंबित हैं।

कर्मचारियों की भर्ती बढ़ाने पर दिया जोरः समिति का मानना है कि अगर स्टाफ की जरूरतों का ध्यान रखा जाए तो मामलों के लंबित होने को प्रभावी ढंग से कम किया जा सकता है। समिति इसलिए सरकार को जल्द से जल्द सीबीआई का कैडर पुनर्गठन करने की सिफारिश करती है। पैनल ने यह भी सिफारिश की कि सीबीआई को प्रतिनियुक्ति पर अपनी निर्भरता को कम करने के प्रयास करने चाहिए और कम से कम पुलिस उपाधीक्षक के पद तक के स्थायी कर्मचारियों की भर्ती करने का प्रयास करना चाहिए।

देर से मिला न्याय कोई न्याय नहींः समिति का विचार है कि देर से मिला न्याय बिल्कुल भी न्याय नहीं है और दशकों तक मामले नहीं चल सकते। इसलिए समिति सिफारिश करती है कि सीबीआई उनके पास लंबित मामलों के निपटारे के लिए एक रोडमैप तैयार करे और समिति को सूचित करे।

पूछा, कितने मामलों पर अदालत ने लगाई रोकः रिपोर्ट में कहा गया है कि समिति यह भी जानना चाहेगी कि सीबीआई द्वारा जांच किए जा रहे।

रूस-यूएस दोनों के साथ भारत के घनिष्ठ एवं मैत्रीपूर्ण संबंधः लेखी

नई दिल्लीः विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी का कहना है कि भारत के अमेरिका और रूस दोनों के साथ घनिष्ठ एवं मैत्रीपूर्ण संबंध हैं और यह अपने बलबूते पर हैं। विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने गुरुवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि भारत ने यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के सम्बंध में तत्काल हिंसा रोके जाने और कूटनीति व बातचीत के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया है। मीनाक्षी लेखी ने यह भी बताया कि सरकार ने मौजूदा तनाव की स्थिति में यूक्रेन से भारतीय नागरिकों की वापसी और निकासी को सुविधाजनक बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। भारत सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप एक फरवरी 2022 से अब तक 22 हजार 500 भारतीय नागरिकों को यूक्रेन से सुरक्षित स्वदेश लाया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत ने रूस के यूक्रेन पर हमले को लेकर किसी का पक्ष नहीं लिया है। भारत ने विभिन्न मंचों से तत्काल हिंसा समाप्ति का आह्वान किया है ।

बीरभूम हिंसा के पीड़ितों से मिलीं ममता, घटना के 72 घंटे बाद पहुंचीं सीएम

फूट-फूटकर रोते आदमी को पानी पिलाया, सिर पर हाथ फेरा और आंसू पोंछे

कोलकाताः मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी बीरभूम में हिंसा पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचीं। ममता ने पीड़ितों से हमदर्दी दिखाई तो उनका दर्द आंखों से छलक उठा। ममता ने किसी अपने की तरह रोते हुए शख्स को पानी पिलाया और उसके आंसू पोछे। ममता ने हिंसा में मारे गए लोगों के परिजन को 5 लाख रुपए का चेक दिया। इसके साथ ही कहा कि आग में जल चुके घरों को सुधारने के लिए 2-2 लाख रुपए दिए जाएंगे। मरने वाले 10 लोगों के परिवारों को नौकरी दी जाएगी। ममता ने कहा कि मुझे कोई बहाना नहीं चाहिए कि लोग भाग गए। मैं चाहती हूं कि घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार किया जाए। और चूक करने वाले पुलिसकर्मियों को सजा मिले। गवाहों को पुलिस सुरक्षा दी जाए।

ममता के दौरे पर बीजेपी का तंज- शव खरीदना चाहती हैं सीएमः वहीं अब ममता बनर्जी के बीरभूम दौरे पर बीजेपी की प्रतिक्रिया आई है।

पश्चिम बंगाल भाजपा प्रमुख सुकांत मजूमदार ने कहा कि सीएम ममता बनर्जी मृतकों के परिवारों को पैसा और नौकरी देकर शव खरीदना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार इस हिंसा के असल वजह पर गौर नहीं करती तो आगे भी ऐसी घटनाएं होती रहेंगी। मामले की तह तक जाने के लिए उच्च और ठक्ष से मामले की निष्पक्ष जांच करे।

तृणमूल सांसद ने गृहमंत्री शाह से की राज्यपाल को हटाने की मांगः टीएमसी सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

रक्षा मंत्रालय ने सीमावर्ती इलाकों में बीआरओ के बुनियादी विकास को पर्यटन से जोड़ा

नई दिल्लीः केंद्र सरकार अब रक्षा पर्यटन को बढ़ावा देने की योजना पर काम कर रही है। इसके तहत देश के सीमावर्ती इलाकों में किये गए सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के बुनियादी विकास को पर्यटन से जोड़ा जा रहा है। इन तक पहुंच आसान बनाने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में एक पर्यटन पोर्टल का उद्घाटन किया। इस वेबसाइट के जरिये अटल टनल, रोहतांग टनल के गाइडेड टूर के लिए केवल ई-बुकिंग उपलब्ध होगी। इस पोर्टल से ई-बुकिंग करके बीआरओ की विश्व प्रसिद्ध परियोजनाओं में उमलिंग ला दर्रे पर दुनिया की सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क, अत्याधुनिक द्वि-लेन सेला सुरंग और नेचिफू सुरंग तक भी जाने का मौका मिलेगा।

खबर संक्षेप

घर में घुस कर मारा पीटा, महिलाओं के साथ की छेडखानी, मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। खेत से ट्रैक्टर ले जाने से मना करने पर घर में घुस कर मारा पीटा गया और महिलाओं के साथ छेड़खानी की गयी। भुक्तभोगी ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसके खेत से उनके विपक्षी जबरियन ट्रैक्टर ले जा रहे थे। मना करने पर घर में घुस कर मारा पीटा गया और महिलाओं के साथ अश्लीलता की गई। तथा कहीं शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी गई। भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में दिवाकर मिश्रा , प्रभाकर मिश्रा ,शशी मिश्रा, मनोरमा मिश्रा, अंकित मिश्रा, अंकुर मिश्रा, अमित मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

सालाना उर्स 27 मार्च को

फूलपुर। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के मुबारकपुर रोड स्थित मौजा कुतुबपुर जलाल उद्दीनपुर गांव में सड़क के किनारे स्थित हजरत मस्तान शाह बाबा की मजार पर सालाना उर्स 27 मार्च दिन रविवार की रात में पूर्व की भांति मनाया जाएगा। दिन में मजार प्रांगण में मेला तथा रात में जवाबी कौवाली का मुकाबला होगा जिसमे कौवाल शकील परवाज कानपुरी तथा कौवाला शबनम नाज सुल्तानपुरी के बीच जबाबी मुकाबला होगा। पूरी रात मजार पर फतेहा वा चादर का प्रोग्राम चलता रहेगा। उक्त जानकारी संयोजक महमूद अहमद ने दी।

दर्जनों की संख्या में कबीर मठ पहुंचे बदमाशों ने संत को बंधक बनाकर की लूटपाट

भंडारे के लिए रखा सैकड़ों कुंतल अनाज व नकदी उठा ले गए बदमाश

अखंड भारत संदेश

फूलपुर। कबीर मठ में अकेले रह रहे संत को बदमाशों ने बंधक बनाकर भंडारे के लिए रखा भारी मात्रा में अनाज पिक अप पर लादकर उठा ले गए। सूचना पर पहुंची फूलपुर पुलिस जांच पड़ताल कर वापस चली गई।

फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के चिरौड़ा गांव स्थित संत कबीर मठ में बुधवार को मध्य रात्रि लगभग एक दर्जन अज्ञात बदमाशो ने मठ परिसर में घुसकर संत हरिदास जी महाराज को बंधक बनाकर लूटपाट करनी शुरू कर दी। भुक्तभोगी संत ने बताया कि बदमाशों ने मकान के अंदर रखा अनाज पिक अप पर लादकर उठा ले गए। मना करने पर बदमाश उनके साथ मारपीट करने लगे तथा शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। बता दें की चिरौडा गांव में लगभग 20 बीघे में प्राचीन कबीर पंथी का मठ है। जहां चारो तरह से करीब 6 फिट ऊंची बाउंड्री वॉल

घटना की जानकारी देते कबीर मठ के संत हरिदास जी महाराज तथा इन्सेट में बदमाशों द्वारा तोड़ी गई मठ की चहारदीवारी

भी है। उसके अंदर संत निवास और पूजा घर व सामग्री रखने के लिए भंडार घर बनाया गया है। मठ के पुजारी महंत हरिदास जी महराज ने बताया की उनके मठ द्वारा माघ महीने में बड़ा भंडारा किया जाता है जिसमें क्षेत्रिय संतों के साथ ही दूर दराज के संत शामिल होते हैं। उस भंडारे के लिए लगभग 25 कुंतल चावल, 25 कुंतल गेंहू ,2 कुंतल दाल और 50 कुंतल सरसों रखी गई थी। जिसे बदमाश पिक अप पर लादकर उठा ले गए। संत हरिदास ने बताया कि मठ में दान के द्वारा प्राप्त लगभग पचास हजार नकदी भी भंडार गृह में रखा था। बदमाश उसे भी उठा ले गए विरोध करने पर पिटाई करने लगे। सूचना पर पहुंची फूलपुर पुलिस जांच पड़ताल कर वापस चली गई। घटना के सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी फूलपुर राम सागर से बात होने पर उन्होंने बताया की घटना की जानकारी होने पर कोतवाली प्रभारी अमित कुमार राय को घटना स्थल पर भेजा गया था। घटना के तथ्यों की जांच कराई जा रही है। पुलिस टीम बनाकर जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने कहा की योगी सरकार वैसे तो मठ मंदिरों की सुरक्षा को लेकर काफी गंभीर है। उसके बाद भी बेखौफ चोर मठ मंदिरों को भी अपना निशाना बना रहे है।

न्यूज झरोखा

जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने केन्द्रीय कारागार नैनी का किया औचक निरीक्षण

निरीक्षण में सुरक्षा, साफ-सफाई तथा रोस्टर के अनुसार भोजन दिये जाने के डीएम ने दिए निर्देश

नैनी। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार पाण्डेय ने नैनी सेन्ट्रल जेल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कारागार की सुरक्षा को कारागार प्रशासन को चुस्त-दूरूस्त रहने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने आगन्तुक रजिस्टर की जांच की। उन्होंने इसके उपरान्त कारागार में साफ-सफाई, भोजन मीनू के अनुसार मिल रहा है कि नहीं, कैदियों के लिए बनने वाले भोजन की शुद्धता की जांच की। उन्होंने कारागर के अन्दर लगे कैमरों, जैमर आदि जांच की तथा मौके पर स्वयं देखा की ये क्रियाशील हैं या नहीं। उन्होंने कारागार के अन्दर कैदियों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया।

कांग्रेसियों ने कैंडिल मार्च कर दी शहीदों को श्रद्धांजलि

करछना। शहीद दिवस पर करछना के कटका बैरियर पर शहीदे आजम वीर भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जी के शहीदी दिवस पर कांग्रेसियों ने शहीदों को याद कर कैंडिल मार्च निकालकर मौन पुर्वक उन्हें नमन किया।नमन करने वालो में सर्व श्री नागेश पाण्डेय जी, नारायण दुबे जी,हेमप्रकाश मिश्र, गुड्डू जी, एवं सभी सथी मौजूद रहे।

लेखपाल शफीक अहमद कर रहे कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दावेदारी

प्रतापपुर। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ प्रयागराज का द्विवार्षिक चुनाव 27 मार्च को होना है जिसमे बतौर जिला कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दावेदारी कर रहे कपसा निवासी तेजतर्रार लेखपाल शफीक अहमद तहसील हंडिया क्षेत्र के सरायहरिराम गाँव में कार्यरत है।उन्होंने लेखपाल साथियों से जनसमर्थन और सहयोग के लिए अपील करते हुए कहा कि अगर उन्हें उक्त दायित्व पर निर्वाचित होने का मौका मिला तो अपने लेखपाल संघ की गरिमा को कायम रखते हुए अपने पद का कुशलता पूर्वक निर्वहन करेंगे और लेखपाल साथियों की मान सम्मान के प्रति हमेशा समर्पित रहूंगा।

सजा काट रहे अभियुक्त को 13 साल बाद सुप्रीम कोर्ट से राहत

प्रयागराज। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय लोक दल महासचिव व मेरठ स्थित ग्राम भराला के प्रधान सत्य प्रकाश की हत्या में उम्र कैद की सजा काट रहे अभियुक्त प्रवीन पुत्र सरदार सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने अभियुक्त की अधिवक्ता तानया अग्रवाल की दलील को सुन कर जमानत पर रिहा करने का आदेश पारित किया है, ज्ञात हो कि अभियुक्त प्रवीन की जमानत इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा तीन बार खारिज की जा चुकी है , तथा वह विगत 13 वर्षों से आगरा जेल में बंद हैं।

ग्रामीणों ने राशन न वितरित करने का लगाया आरोप, दी तहरीर

सोरांव। सोरांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत कृष्णापुर के कोटेदार द्वारा लाभार्थियों से गाली गलौज, मारपीट, राशन न वितरण करने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। तथा राशन समय से न वितरण करने राशन का गमन करने, घटतौली करने आदि को लेकर आला अधिकारियों को सैकड़ों लाभार्थियों ने लिखित शिकायती पत्र देकर सस्ते गल्ले की दुकान को निरस्त करने की आवाज उठाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त ग्राम पंचायत के सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान कमला देवी पत्नी संतोष कुमार के नाम से आवंटित है। और कोटेदार के पुत्र बाल गोविंद पटेल द्वारा लाभार्थियों से वितरण मशीन में अंगूठा लगवा लिया जाता है। अंगूठा लगवाने के बाद बोला जाता है कि तीन दिन बाद आना अपना राशन ले लेना। लेकिन जब लाभार्थी राशन लेने जाता है तो कहा जाता है कि राशन खत्म हो गया है। अगले महीने दे दिया जाएगा। विरोध करने पर बालगोविंद पटेल ने लाभार्थियों से मारपीट,गाली गलौज, भी करता है। जिसको लेकर ग्राम प्रधान संग ग्रामीणों ने बुधवार को उप जिलाधिकारी ज्योति मौर्य संग संबंधित अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कोटा निरस्त करने की मांग की है।

यूपी बोर्ड की परीक्षा नकल बिहिन सम्पन्न

लेडियारी। क्षेत्र के शिवजियावन इन्टर कालेज लेडियारी बाजार एवं रामचरण इन्टर कालेज कैथवल में सरकार के आदेश का पालन करते हुए सी सी कैमरे के निगरानी में परिक्षा सम्पन्न हुई। शिव जियावन इन्टर कालेज में 60 परिक्षार्थियों ने परिक्षा छोड़ी है। एवं राम चरण से 23 परिक्षार्थी अनुपस्थिति रहें।

कड़ी निगरानी में परीक्षा केंद्र, दर्जनों परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

डीआईओएस ने यमुनापार के कई केंद्रों का किया निरीक्षण, स्टैटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थाओं की मौजूदगी में खोला गया प्रश्नपत्र का लिफाफा

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। यूपी बोर्ड की परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गई है। जनपद में कुल 321 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए सीसीटीवी कैमरे से लाइव निगरानी की जा रही है। इसके अलावा स्थलीय जांच के लिए मजिस्ट्रेटों का कई घेरा बनाया गया है। इसमें सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट के अलावा वाह्य केंद्र व्यवस्थापक भी लगाए गए हैं। परीक्षा की शुचिता को बनाए रखने के लिए लगाए गए मजिस्ट्रेटों के साथ डीआईओएस ने भी यमुनापार के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। दोनों पाली में प्रश्नपत्रों का लिफाफा स्टैटिक मजिस्ट्रेट व आंतरिक व वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों की मौजूदगी में खोला गया। यमुनापार के परीक्षा केंद्र मां राजरानी इंटर कालेज बघला में हाईस्कूल में 337 परीक्षार्थियों में सिर्फ 310 परीक्षा देने पहुंचे। इसी तरह इंटर की परीक्षा में 432 परीक्षार्थियों 24 गैरहाजिर रहे। इसी तरह डा. कैलाशनाथ इंटर कालेज नौढि?ा में हाईस्कूल के 325 परीक्षार्तियों में 260 उपस्थित रहे। जबकि इंटर में 543

यूपी बोर्ड परीक्षा के एक केन्द्र पर प्रवेश द्वार पर परीक्षार्थी

परीक्षार्थियों के सापेक्ष 64 गैरहाजिर रहे। इसी तरह यमुनापार के शंकरगढ़ स्थित राजा कमलाकर इंटर कालेज में हाईस्कूल व इंटर की 300 छात्राओं (सेल्फ सेंटर) ने परीक्षा दी। इसी तरह शंकरगढ़ में राजकीय बालिका इंटर कालेज, पत्ती देवी इंटर कालेज, कैंब्रिज हाईस्कूल इंटर कालेज, नवोदित शिक्षा केंद्र लाइनपार, जगत बहादुर सिंह इंटर कालेज भड़िवार, राम सिंह इंटर कालेज गोल्हैया समेत कई केंद्रों पर दर्जनों परीक्षार्थियों के परीक्षा छोड? की खबर है। जनपद में कुल 321 केंद्र बनाए गए हैं, जहां पर 1.81 लाख परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। प्रत्येक केंद्र पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट, एक वाह्य केंद्र व्यवस्थापक के साथ जिले भर में अपर जिलाधिकारी स्तर के तीन सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी स्तर के आठ जोनल मजिस्ट्रेट, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित 24 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। इसके अलावा जनपद में 36 केंद्र संवेदनशील व 24 केंद्र अति संवेदनशील हैं।

हाई स्कूल व इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुआ संपन्न

मेजा रोड। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद इलाहाबाद की हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं गुरुवार से शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हो गई है।परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न केंद्र पर शासन के मानकों को पूरा किया गया है।प्रत्येक केंद्रों पर सीसी टी वी कैमरे की निगरानी में परीक्षा हो रही है।गुरुवार को हाईस्कूल और इंटर की हिंदी भाषा की परीक्षा होगी।हाईस्कूल की पहली पारी में सुबह 8 बजे से सवा 11 बजे तक और इंटर की दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से सवा 5 बजे तक होगी।वही सुरक्षा के लिए पुलिस की व्यवस्था की गई है।इसी क्रम में मेजा स्थित श्रीमती राजवंती देवी कन्या इंटर कालेज में शांति पूर्ण परीक्षा शुरू हो गई है।परीक्षा व्यवस्थापक सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि इस परीक्षा केंद्र पर कुल 252 छात्राएं परीक्षा दे रही हैं।जिसमे पवन सुत धरावल,प्रभावती देवी धरावल,गुलाब शंकर गेदुराही और एच आई ये इंटर कालेज मेजारोड की छात्रायें परीक्षा दे रही हैं।श्री यादव ने बताया की अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक के रूप में लाल बहादुर धरवारा के शिक्षक मनोज कुमार तिवारी को बनाया है।केंद्र व्यवस्थापक विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती रेखा यादव है।कुल छात्राओं की 7 कक्षों में परीक्षा हो रही है,जिसके लिए 14 कक्ष निरीक्षक,2 उड़नदस्ता और 3 अतिरिक्त शिक्षको की निगरानी में परीक्षा हो रही है।शासन के दिशा निर्देश पर सभी कक्षों में सीसी टीवी लगाए गए है। वाह्य सुरक्षा को लेकर दो सिपाही को लगाया गया है। उन्होंने बताया की शांतिपूर्ण ढंग से नकल विहीन परीक्षा कराई जा रही है।

परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा देते परीक्षार्थी

अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की पुण्यतिथि पर सम्मानित होंगे पत्रकार व समाजसेवी

अखंड भारत संदेस

प्रयागराज। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ महानगर इकाई प्रयागराज के तत्वावधान में शुक्रवार को दोपहर 12:30 बजे से हनुमान वाटिका जीटी रोड धूमनगंज में महानगर इकाई का शपथ ग्रहण एवं अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की स्मृति में पत्रकारों समाजसेवियों कवियों और लेखकों को सम्मानित किया जाएगा भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ महानगर इकाई के अध्यक्ष शिवपूजन सिंह ने बताया कि उक्त समारोह की अध्यक्षता भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र करेंगे और मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के महासचिव सत्यधीर सिंह जादौन होंगे विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट एसोसिएशन इलाहाबाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता भगवती

महानगर इकाई के शपथ ग्रहण समारोह मैं कवियों और लेखकों का भी होगा अभिनंदन

प्रसाद सिंह एवं पूर्व न्यायाधीश कैप्टन डी पी एन सिंह होंगे इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी सहित मंडल व जिले के कई पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे श्री सिंह ने बताया कि प्रयागराज की सभी तहसीलों के पदाधिकारियों व सदस्यों को भी समारोह में आमंत्रित किया गया है नगर क्षेत्र के वरिष्ठ समाज सेवी चिकित्सक और शिक्षाविद् तथा कवियों लेखकों साहित्यकारों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा जिला अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ रमाकांत त्रिपाठी ने संगठन से जुड़े सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से समारोह को सफल बनाने की अपील की है।

छात्र ने फांसी लगा कर दी जान

हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा दे रहा था युवक,पेड़ पर चढ़ कर लगाई फांसी

कोरांव। कोरांव के बढ़वारी गांव में एक 18 वर्षीय छात्र ने सुसाइड नोट लिख कर महुआ के वृक्ष में फांस का फंदा लगा कर 22/23 की रात्रि जान दे दी। बतादे कि छात्र लालजी सिंह कुशवाहा पुत्र अकालु सिंह ग्राम बढ़वारी निवासी अपने भाइयों में तीसरा नंबर का था। परम सुख आदिवासी विद्यालय धौखर कोराव में बोर्ड की परीक्षा दे रहा था। छरीगरा में स्थित मां आकाशा देवी पब्लिक स्कूल का स्टूडेंट था। बोर्ड का पहला पेपर दे दिया था। परिजनों को सूचना मिली तो उसकी मां ने उसकी शिनाख्त की। पुलिस ने लाश कब्जे में ले कर पॉमां में भेज दिया। छात्र ने पिछले साल फेल होने का जिक्र सुसाइड नोट में किया है। फिलहाल मामला जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी। आत्म हत्या है या हत्या।

चोरी के भारी मात्रा में आभूषण के साथ एक नाबालिक सहित दो गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

घूरपुर। घूरपुर पुलिस ने इलाके के इरादतगंज हवाई पट्टी से एक नाबालिक व एक युवक को पकड़ कर उनके पास से एक लाख रुपये कीमत से ज्यादा कीमत के सोने चांदी के आभूषण बरामद करते हुए केस दर्ज कर चालान किया है। एसओ घूरपुर धीरेंद्र सिंह अपने हमराहियों के साथ गुरुवार के दिन क्षेत्र के इरादतगंज हवाई पट्टी के पास गस्त पर थे इसी बीच दो संदिग्ध पुलिस के हाथ लग गए ।पुलिस दोनो को थाने ले गई और तलाशी ली तो उनके पास से एक सोने का लॉकेट,एक सोने का मंगलसूत्र,दो सोने की अंगूठी,एक चांदी की अंगूठी ,एक चांदी का पायल,एक सोने का झुमका बरामद किया । पुलिस ने बताया पकड़े गए सत्यम सिंह पुत्र इंद्रजीत सिंह व एक नाबालिक गोलू पुत्र प्रद्युम्न निवासी गण मिया का पूरा थाना औद्योगिक क्षेत्र हैं ।पुलिस की पूंछतांछ में दोनो ने बताया कि पकड़ा गया माल चोरी का है। दोनो के खिलाफ केस दर्ज कर एक को जेल तो दूसरे को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

नाजायज गांजा सहित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज के निर्देश पर क्षेत्रधिकारी फूलपुर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष फूलपुर के नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को फूलपुर कोतवाली अंतर्गत करुआडीह निवासी अभियुक्त रमेश कुमार चौहान पुत्र टिन्नी लाल चौहान को गिरफ्तार कर उसके पास से 1.150 किग्रा नाजायज गांजा बरामद किया गया। जिसमे एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक निखिल कुमार यादव,हेड कॉन्स्टेबल दूधनाथ यादव,कॉन्स्टेबल दिलीप कुमार यादव रहे।

बारा के पूर्व विधायक डॉ अजय कुमार ने बसपा से किया किनारा,भेजा इस्तीफा पत्र

घूरपुर। बारा के पूर्व विधायक व बसपा से विधानसभा चुनाव लड़े डॉ अजय कुमार ने गुरुवार के दिन बसपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को पत्र के माध्यम से बसपा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया । अपने दिए पत्र में पूर्व विधायक डॉ अजय कुमार ने बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती पर आरोप लगाते हुए लिखा है कि विगत विधानसभा चुनाव के मौके पर आयोजित प्रयागराज के केपी ग्राउंड की सभा में प्रत्याशियों से दूरी बनाते हुए उनका अपने सम्बोधन नाम तक नहीं लिया गया और ना ही कोई परिचय ही कराया गया। आरोप लगाया कि जिन सिद्धांतो और बाबा साहेब अंबेडकर की विचारधारा को ध्यान में रखते हुए दलित,शोषित, वंचितों की सहायता के लिए बसपा की नींव रखी गई। अब वह उससे भटक चुकी है। मायावती पर आरोप लगाते हुए पत्र में लिखा कि जब सेनापति ही युध्द के समय हथियार छोड़ दे तो उसके सैनिक कितनी देर तक मैदान में टिक सकते हैं । इसलिये अब पार्टी में घुटन हो रही और मैं पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। पूर्व विधायक डॉ अजय कुमार बारा विधानसभा से एक बार सपा और एक भाजपा की टिकट पर विधायक रह चुके है। विगत चुनाव में भाजपा ने अपने सहयोगी दल अपनादल (एस) के खाते में बारा विधानसभा को दे दी थी। जिससे नाराज विधायक डॉ अजय कुमार ने बसपा का दामन पकड़ लिया और बसपा के टिकट पर चुनावॅहार गये थे।

राजतिलक : पूर्वसंध्या पर मंदिरों में हुआ पूजन अर्चन

अखंड भारत संदेश

घूरपुर। योगी आदित्यनाथ राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर दूसरी बार शुक्रवार को शपथ लेंगे। योगी आदित्यनाथ के शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने के लिए यमुनापार जिले के मध्यप्रदेश की सीमा चौकठा से लेकर लखनऊ तक शपथग्रहण हेतू भाजपा झंडा, होल्डिंग, वैनर चौराहो और रास्तो पर स्वागत शुभकामनाएं हेतू लगाए गए है। जिलाध्यक्ष यमुनापार विभव नाथ भारती के नेतृत्व में पूरे यमुनापार को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा। शपथ ग्रहण समारोह 25 मार्च को लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होगा। इसके पूर्व संध्या पर गुरुवार को यमुनापार के 1558 बूथो व 311 शक्ति केन्द्रों के अन्तर्गत मठ मंदिरों में लोक कल्याणार्थ योगी सरकार के

जगह-जगह भाजपा के झंड़ा होर्डिंग वैनरों से सजाएं जा रहें हैं चौराहे, रास्ते, गंगाजल,संगम की मिट्टी व लेटे हुए बडे.हनुमान जी का आशीर्वाद स्वारूप सिंदूर राजतिलक को भेंट करेंगे कार्यकर्ता

मंदिर में शिव की पूजा करते भाजपा कार्यकर्ता।

राजतिलक व सरकार के दूसरे सफल कार्यकाल हेतू विभिन्न आयोजनों के माध्यम से पूजन अर्चन किया गया गया है। जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती ने अरैल के सोमेश्वर महादेव मंदिर मे शिव पूजन-अर्चन आरती कार्य कताओं संग वैदिक मंत्रो के बीच किया गया। जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी संगम से गंगाजल व त्रिवेणी की मिट्टी (रेणुका) के साथ लेटे हुए बंधवा वाले बडे. हनुमान जी का दर्शन कर आशीर्वाद स्वारूप सिंदूर रूपी तिलक लेकर लखनऊ जाकर राजतिलक से पूर्व भेंट करेंगें। वही यमुनापार से चार-पांच सौ कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि साधू-संत बस व कार द्वारा योगी के राजतिलक के एतिहासिक पल के साक्षी बनेगें। पूजन अर्चन मे प्रमुख रुप से महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सविता शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष नागेश्वर निषाद, जय शंकर पांडेय, नरेन्द्र निषाद, सोमेश्वर, रामजी श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, ध्रुव तिवारी, कार्तिकेय पुरी, गीता देवी, क्षमा दुबे, शालिनि श्रीवास्तव, ताजेन्द्र बहादुर सिंह, ओम प्रकाश मिश्र, हरिकांत पांडेय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। चारो तरफ जय श्री,हर-हर महादेव, बन्देमातरम भारत माता की जयकारें की गूंज कार्यकर्ताओ ने की।

बीएचयू का छात्र लंका थाने से लापता होने का मामला, सीबीसीआइडी को जांच रिपोर्ट पेश करने का निर्देश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बीएचयू वाराणसी के लंका थाने से छात्र के लापता होने के मामले की जांच कर रही सीबीसीआइडी को दो हफ्ते में प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। याचिका की सुनवाई 18 अप्रैल को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर व न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने अधिवक्ता सौरभ तिवारी की पत्र जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। इस मामले के अनुसार 13-14 फरवरी 2020 की रात लंका थाना पुलिस छात्र को पकड़कर थाना ले आयी थी। इसके बाद से वह लापता हैं। सरकार की तरफ से कहा गया कि छात्र विक्षिप्त था। वह थाने से चला गया था। जब कोर्ट ने थाने की फुटेज की बात की तो बताया कि सीसीटीवी कैमरा खराब था। बीएससी तृतीय वर्ष छात्र शिव कुमार त्रिवेदी को पुलिस पर थाने में लाकर मारपीट कर गायब करने की आशंका को लेकर याचिका दायर की गई। कोर्ट ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए अधिकारियों को तलब कर फटकार लगाई। इसके बाद जांच सीबीसीआइडी को सौंप दी गई है, लेकिन पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं लगा सकी है।

ब्राह्मणों को गाली देने वाले चिकित्साधिकारी का ट्रांसफर

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। योगी सरकार के शपथ ग्रहण के पहले प्रयागराज में रामपुर सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. वाईपी सिंह ने आपा खो दिया। मोबाइल पर किसी से बात करते-करते वह ब्राह्मणों को गाली देने लगे। योगी सरकार के शपथ ग्रहण के पहले प्रयागराज में रामपुर सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. वाईपी सिंह ने आपा खो दिया। मोबाइल पर किसी से बात करते-करते वह ब्राह्मणों को गाली देने लगे। करछना सीट के पूर्व सपा विधायक उज्वल रमण सिंह का नाम लेते हुए उन्होंने गालियां दीं। इसका ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मेजा की पूर्व भाजपा विधायक ने इस बारे में प्रयागराज के डीएम और सीएमओ से भी बात की। इसके बाद सीएमओ ने बुधवार को डॉ. वाईपी सिंह का ट्रांसफर कर दिया।

पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने कार्रवाई के लिए लिखा

मेजा से पूर्व भाजपा विधायक नीलम करवरिया बुधवार को रामनगर सीएचसी पर पहुंचीं। उन्होंने यहां के चिकित्साधिकारी डॉ. वाईपी सिंह पर कार्रवाई के लिए डीएम और सीएमओ को फोन किया। उन्होंने कहा, जाति विशेष का नाम लेकर गाली देने वाले डॉक्टर पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। अब उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी चल रही है ' सीएमओ बोले- वहां से हटाया गया डॉक्टर, हो रही जांच ' प्रयागराज के सीएमओ डॉ. नानक सरन ने बताया कि गाली देने वाले डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई कर दी गई है। ऑडियो सुना है, बहुत ही शर्मनाक है। आरोपी डॉ. वाईपी सिंह को रामनगर सीएचसी से हटा दिया गया है। उसे अब धनुपुर के संसारीपुर स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा गया है। उसके सभी अधिकार वापस ले लिए गए हैं। मामले की जांच की जा रही है जब इस बारे में डॉ. वाईपी सिंह से बात करने का प्रयास किया, तो उसने कॉल रीसिव नहीं किया। नाही एस एम एस का कोई जवाब दिया।

पूर्व सपा विधायक उज्वल रमण को भी नहीं छोड़ा डॉक्टर ने

डॉ. वाईपी सिंह का मोबाइल पर बातचीत का जो ऑडियो आया है, उसमें वह सपा के पूर्व विधायक उज्वल रमण के लिए अपशब्द कह रहे हैं। समाजवादी पार्टी के साथ पूर्व विधायक को गालियां भी दे रहे हैं। डॉ. वाईपी सिंह का ऑडियो तेजी से शेयर हो रहा है। डॉ. वाईपी सिंह एमबीबीएस और एमडी हैं। वह दिल्ली में असिस्टेंट प्रोफेसर रह चुके हैं।

खबर संक्षेप

आधार प्रमाणीकरण न करवाने पर पेंशन से होगें वंचित

सोरांव। जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रयागराज तथा शासन की नियमानुसार वृद्धा पेंशन लाभार्थियों के लिए आधार प्रमाणीकरण करवाना बहुत जरूरी है। यदि लाभार्थी अपना आधार कार्ड अपने पेंशन वाले खाते में लिंक नही करवाएंगे तो आने वाली किस्त से वंचित होना पड़ सकता है। सोरांव ब्लॉक के एडीओ समाज कल्याण राकेश कुमार यादव ने बताया कि सभी वृद्धा पेंशन के लाभार्थी अपने आधार नंबर,बैंक की पास बुक, और मोबाइल नंबर को निकटतम सहज जन सेवा केंद्र या संबंधित पंचायत भवन पर जाकर अपने पेंशन वाले बैंक अकाउंट नंबर से लिंक करवा लें। नही तो उनकी पेंशन विभाग द्वारा रोक दिया जाएगा। यादव ने बताया कि आधार प्रमाणीकरण से पात्र वृद्धा पेंशन लाभार्थी को इसका लाभ अनवरत मिलता रहेगा। और जो भी अपात्र लाभार्थी रहेगें उनकी भी पारदर्शिता विभाग के पास मौजूद हो जायेगी।

पत्नी ने कराई थी वार्ड बॉय पंकज की हत्या, अवैध संबंध में गई जान

अखंड भारत संदेश

केटीएम बाइक की लालच देकर पत्नी ने कराई पति की हत्या

होली के दिन पंकज पटेल की गला रेतकर हुई थी हत्या

खुलासे के दौरान पुलिस के गिरफ्त में अपराधी

प्रयागराज। मेडिकल कॉलेज परिसर में रहने वाले वार्ड ब्वॉय पंकज पटेल(35) की हत्या का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। इस हत्याकांड को उसकी ही पत्नी कुसुम ने अपने प्रेमी गोलू उर्फ सुरेंद्र संग मिलकर भाड़े के दो कातिलों से अंजाम दिलवाया था। जार्जटाउन पुलिस ने चार दिन के भीतर इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा कर पत्नी समेत चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही कत्ल में प्रयुक्त चापड़ भी बरामद कर लिया है।एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को इस हत्याकांड का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 20 मार्च को घटना की जानकारी के बाद पुलिस का सबसे पहला शक गोलू पर गया। उसकी गतिविधियां बेहद संदिग्ध थीं। ऐसे में वह शक के घेर में आ गया। पुलिस की एक टीम लगतार उस पर नजर बनाए हुए थी। इसके साथ ही सर्विलांस व अन्य माध्यमों से भी जांच पड़ताल की जा रही थी। इसी क्रम में पता चला कि घटना वाले दिन और रात में गोलू की मृतक की पत्नी से फोन पर बात हुई थी। चौंकाने वाली बात यह थी कि 20 मार्च को घटनास्थल पर पत्नी ने बताया था कि उसने 20 मार्च की सुबह गोलू से तब बात की, जब 19 को पूरा दिन पंकज ने उसका फोन नहीं उठाया। ऐसे में वह भी शक के घेरे में आ गई। इसकेअलावा गोलू की फोन पर कटरा निवासी विशाल कुमार भारतीय और कैंट निवासी अजीत कुमार से भी कई बार बात हुई थी। चारों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू हुई तो सनसनीखेज खुलासा हुआ।

चापड़ से काट दिया था गला

पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में यह बात सामने आई कि कुसुम के कहने पर गोलू ने अजीत व विशाल से पंकज की हत्या कराई। 18 मार्च की रात पहले गोलू ने उसे जमकर शराब पिलाई। इसके बाद पूर्व योजना के तहत वहां अजीत व विशाल भी पहुंच गए। नशे में धुत होने पर दोनों ने मिलकर चापड़ से उसका गला काट दिया।इस दौरान गोलू घर के बाहर खड़ा होकर ही रेकी कर रहा था। वारदात के बाद तीनों भाग निकले। फिर अगले दिन सुबह मौके पर पहुंचकर गोलू ने पुलिस को जानकारी दी कि पंकज की हत्या हो गई है। उधर विशाल व अजीत ने बताया कि हत्या के बदले उन्हें एक लाख की बाइक देने का वादा गोलू ने किया था।

सचिव लोक सेवा आयोग को आदेश पालन का निर्देश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उप्र लोक सेवा आयोग के सचिव जगदीश कुमार तिवारी को सिंचाई विभाग में अभियंता चयन को लेकर हुए आदेश का एक माह में पालन करने का अतिरिक्त समय दिया है। हालांकि कोर्ट ने कहा कि सचिव ने आदेश की अवहेलना की है। प्रथमदृष्टया अवमानना का केस बनता है लेकिन अवमानना नोटिस जारी किए बगैर आदेश पालन करने का एक मौका देना सही रहेगा। साथ ही कहा कि यदि इसके बावजूद आदेश का पालन नहीं किया गया तो याची दोबारा याचिका कर सकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति आरआर अग्रवाल ने लोकेश कुमार पाठक की अवमानना याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। याची के अधिवक्ता एमए सिद्दीकी का कहना है कि नियमानुसार 33 प्रतिशत अंक पाने वालों के परिणाम वेबसाइट पर अपलोड कर देना चाहिए और पद से तीन गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में बुलाया जाना चाहिए लेकिन इसका पालन नहीं किया जा रहा है। याची ने प्रत्यावेदन दिया था कोई निर्णय न होने पर याचिका की। कोर्ट ने 22 जुलाई 2021 को सचिव को छह सप्ताह में निर्णय लेने का निर्देश दिया था।

न्यूज झरोखा

जसरा सभागार में मनाया गया विश्व क्षयरोग दिवस

जसरा। विकास खंड जसरा के सभागार में गुरुवार को विश्व क्षय रोग दिवस मनाया गया। खंड विकास अधिकारी जसरा अमित कुमार मिश्र ने 25 क्षय रोगियों को निःशुल्क पौष्टिक किट बीडीओ एवं सीएचसी अधीक्षक द्वारा वितरित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में कुल 80 क्षयरोगियों को डाक्टरों द्वारा चिन्हित किया गया है। सीएचसी अधीक्षक डा०तरुण पाठक ने बताया कि कुल अस्सी क्षय रोगियों में 2 बाल क्षयरोगी,23 वयस्क महिला रोगी, 52 वयस्क पुरुष क्षयरोगी एवं 3 ड्रग रेजिस्टेन्ट हैं। डा० पाठक ने बताया कि 2025 तक सम्पूर्ण देश को क्षयरोग मुक्त कराने का संकल्प लिया गया है। सरकार द्वारा प्रत्येक क्षयरोगियों को 500 रुपए प्रतिमाह डीबीटी द्वारा प्रदान की जाती है। प्रत्येक सरकारी अस्पतालों में इन रोगियों की निःशुल्क जांच व दवाइयां दी जाती हैं। गुरुवार को पच्चीस क्षय रोगियों को मूंगफली, भुना चना, गुड़, सत्तू, तिल/ गजक व अन्य न्यूट्रिशिनल सप्लीमेंट (यथा हार्लिक्स, बार्नबीटा, काम्प्लान आदि) वितरित किया गया। प्रत्येक सामाग्री एक किलोग्राम रहा। अधीक्षक ने बताया कि 18 वर्ष नीचे के क्षयरोगी बालक,महिला और बाद में पुरुष को लगातार छः माह तक पौष्टिक किट उपलब्ध कराया जाएगा। क्षयरोगियों को पौष्टिक किट वितरण करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज शीपू गिरि के उपस्थित न होने पर बीडीओ जसरा व सीएचसी अधीक्षक जसरा ने बांट दिया। इस अवसर पर एडीओ कोआपरेटिव राकेश सिंह, एडीओ पंचायत श्यामलाल तिवारी,एडीओ आईएसबी विज्ञान प्रभाकर शुक्ल,बीओ पीआरडी देवांशिका सिंह,ग्राम पंचायत अधिकारी मनोज कुमार प्रजापति, प्रयाग संगम सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुधांशु मिश्र,रावेन्द्र तिवारी,प्रधान संघ अध्यक्ष दारासिंह पटेल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

अध्यक्ष डा: हीरा नंदन पंकज व डा: संगम लाल विश्वकर्मा बने सचिव

नैनी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज के प्रांगण में राजकीय नेत्र परीक्षण अधिकारी संघ का द्विवार्षिक चुनाव जिला दृष्टि हीनता निवारण अधिकारी डॉ राहुल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए डॉक्टर हीरा नंदन पंकज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा और सचिव पद के लिए डॉक्टर संगम लाल विश्वकर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाका और कोषाध्यक्ष पद के लिए डॉक्टर सुधीर कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य हंडिया निर्वाचित हुए। चुनाव पर्यवेक्षक डॉक्टर एस एम अब्बास तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय व डॉ रंजीत सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदाबाद के देखरेख में संपन्न हुआ। डॉ राहुल सिंह ने सभी विजई प्रत्याशियों को बधाई दी।

केशरीनाथ त्रिपाठी, महंत बलवीर गिरि समेत कई को शपथ ग्रहण समारोह के लिए मिला न्यौता

प्रयागराज। लखनऊ के अटल बिहारी बाजपेयी इकाना स्टेडियम में योगी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के लिए प्रयागराज के कई गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। जिन्हें आमंत्रित किया गया है, उसमें पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी समेत कई संतों के नाम भी शामिल हैं। इसके अलावा आमंत्रित लोगों की सूची में भाजपा के तमाम पदाधिकारियों के भी नाम हैं।पूर्व राज्यपाल के अलावा प्रयागराज से पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह गौर, बीएचयू के पूर्व कुलपति प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधा कांत ओझा, पूर्व अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ सिंह को भी बुलाया गया है। साधु संतों की बात करें तो इस सूची में श्री राज जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के स्वामी वासुदेवानंद, बांध स्थित लेटे हुए हनुमान जी मंदिर के महंत बलवीर गिरि, स्वामी यमुना पुरी, स्वामी राजेश्वरानंद सरस्वती, महंत बलराम भारतीय, स्वामी गोपाल दास समेत सभी अखाड़ों से जुड़े प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया गया है।

शहर के प्रमुख चौराहों पर स्क्रीन लगाकर दिखाया जाएगा शपथ ग्रहण समारोह : इसके अलावा भाजपा संगठन की बात करें तो पूर्व एमएलसी डॉ. यज्ञदत्त शर्मा, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा डॉ. कीर्तिका अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी, यमुनापार अध्यक्ष विभव नाथ भारती आदि भी समारोह के लिए आमंत्रित किए गए हैं।उधर, भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के दिन सुबह शहर के सभी मंदिरों में विशेष पूजन अर्चन होगा। साथ ही प्रमुख चौराहों पर स्क्रीन लगाकर लोगों को शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण भी दिखाया जाएगा।

बाइक सवार उचक्कों ने उड़ाया मोबाइल

मेजा रोड। मेजारोड मे बाइक सवार उचक्कों का गिरोह सक्रिय है। आए दिन घटना को अंजाम दे रहे हैं। मेजारोड रेलवे स्टेशन तिराहे पर बाइक सवार उचक्कों ने एक युवक का मोबाइल छीनकर भाग गए। बता दें कि गुरुवार को दोपहर सोरांव गांव निवासी हर्षवर्धन शुक्ला पुत्र संजय शुक्ला बाजार से सामान लेकर पैदल फोन पर बात करते हुए घर जा रहा था जैसे ही रेलवे स्टेशन तिराहे पर पंहुचा ही था कि नीली रंग की अपाचे बाइक पर बैठे दो उचक्कों ने स्मार्टफोन छीनकर भाग गए। पीड़ित ने बताया कि स्मार्टफोन 16 हजार रुपए का था। मायूस युवक ने मेजारोड पुलिस चौकी पर तहरीर देकर मोबाइल बरामदगी व कार्रवाई की मांग की है। वहीं एक सप्ताह पूर्व गांव के ही कोटेदार ज्ञानचंद केसरी का मोबाइल बाइक सवार उचक्के छीनकर भाग गए थे।

विश्व वृक्ष दिवस : शुआट्स में आयोजित किया गया पौधारोपण कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

प्रो. जोनाथन ने पारिस्थितिक संतुलन में पेड़ों के महत्व पर प्रकाश डाला

नैनी। थियोडोर रूजवेल्ट के अनुसार एक राष्ट्र के रूप में अस्तित्व के लिए, एक राज्य के रूप में समृद्ध होने के लिए, मनुष्य के रूप में जीने के लिए, हमारे पास पेड़ होने चाहिए। कोविड-19 महामारी ने हमें सिखाया है कि प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व और सतत विकास को साथ-साथ चलना है और हम प्रकृति का दोहन करके और प्राकृतिक संसाधनों का अविवेकपूर्ण उपयोग करके जीवित नहीं रह सकते। विश्व वृक्ष दिवस एवं विश्व जल दिवस के अवसर पर शुआट्स के वाणिज्य विभाग पासिंग आउट बैच 2019-22 द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विशिष्ट अतिथि निदेशक आईपीसी और डीन जेआईबीबी प्रोफेसर जोनाथन ए लाल थे। गेस्ट ऑफ ऑनर ने पारिस्थितिक संतुलन में पेड़ों के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे मानव जीवन पर प्रकृति का प्रभाव पड़ता है। उन्होंने विभाग के प्रयास की सराहना की और भविष्य में इस तरह की और गतिविधियों को आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया। डीन जेएसबीएस एंड सी प्रो. (डॉ.) जे.एन. मिश्रा ने कर्मचारियों और छात्रों को प्रेरित किया और उनकी इस शानदार पहल की सराहना की। विभागाध्यक्ष डॉ. अक्षत दुबे ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. रेजिना जॉन इस आयोजन की मुख्य संयोजक थीं और यह उनके प्रयास से कार्यक्रम सफलता से आयोजित हुआ। उन्होंने सुनिश्चित किया कि कम से कम 50 अशोक के पौधे लगाए जाएं और पौधों के चारों ओर एक तख्ती पर बागवानों का नाम अंकित किया जाए। उन्होंने नियमित रूप से पौधों की देखभाल के लिए छात्र स्वयंसेवक को आवंटित किया। एसोसिएट प्रोफेसर और निदेशक अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा और प्रशिक्षण डॉ. स्टीफन दास ने कार्यक्रम के आयोजन में मार्गदर्शन दिया। पौधरोपण अभियान के दौरान संकाय सदस्य डॉ सलमान जाफरी, डॉ जावेद कादरी डॉ अनिल खरे के साथ कार्यालय सहायक अनिलेश डेनियल भी उपस्थित थे।

घाट पर सफाई करते जिला परियोजना अधिकारी ईशा सिंह व अन्य

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत घाट पर चलाया श्रमदान कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज एवं भारतीय वन्यजीव संस्थान के संयुक्त प्रयास से दशाश्वमेध घाट पर गंगा स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज की जिला परियोजना अधिकारी ईशा सिंह भारतीय वन्यजीव संस्थान के कृष्णा प्रकाश उपाध्याय, इंटर्न अनुज , स्पीयर हेड लीडर कविता रोहित आकाश के सहयोग से अन्य ग्रामवासियों के साथ घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने बताया कि हर वर्ष गंगा की निर्मलता और अविरलता हेतु स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों के बीच नदियों के संरक्षण हेतु भारत के लोगो में जागरूकता फैलाना है' फील्ड इंचार्ज के पी उपाध्याय ने गंगा की जैव विविधिता और जलय जीव संरक्षण के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए उनके प्रति संवेदनशील बनने हेतु प्रोत्साहित किया । कार्यक्रम के अंत में सभी को गंगा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में रतनलाल मयंक प्रियंक गोलू अंकित राहुल राजवीर लाडो प्रियांशु डोडो आदि ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।

पुरानी रंजिश के कारण फर्जी एससी-एसटी मुकदमे में फंसाने की साज़िश

प्रतापपुर। सरायममरेज थानांतर्गत महरछा गांव निवासी अखिलेश सिंह प्रधानाचार्य पुत्र महाबल सिंह पूर्व प्रधान ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि पुरानी रंजिश के चलते उनके पड़ोसी रामजी पासी फर्जी मुकदमे में फंसाने की साज़िश रच रहे हैं। अखिलेश ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है कि रामजी होली के दिन मुझसे जबरन वसूली करने आया था जब मैंने पैसा देने से इंकार कर दिया तो पैसा छिनने लगा जिससे मारपीट हो गई जिसमें श्याम सूरत पाठक एवं रामजी पासी के सिर में चोटें आई। दोनों पक्षों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया और जिस पर सरायममरेज थानाध्यक्ष एवं चौकी इंचार्ज जंघई मौके पर पहुंचे और घटना का विवरण दोनों पक्षों एवं ग्रामीणों से लिया। ग्रामीणों एवं अखिलेश सिंह के अनुसार रामजी और अखिलेश मे पुराना जमीनी विवाद है इसी का फायदा उठाते हुए हुए रामजी फर्जी एससी-एसटी मुकदमा लगवाना चाहता है इसलिए अखिलेश सिंह और उनके परिजनों ने प्रशासन से जांच करके न्याय का अनुरोध किया है।

दौना काण्ड को लेकर प्रशासन हरकत में आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दज

अखड भारत सदश

31 मार्च के बाद पीड़ित पक्ष को प्रशासन दिलायेगा कब्जा, राजस्व निरीक्षक की भूमिका संदिग्ध

पैमाइश के समय उपस्थित पुलिस फोर्स व ग्रामवासी

प्रयागराज। वर्ष 1994 में प्रयागराज शहर लगभग 25 किलोमीटर दूर तहसील बारा के थाना घूरपुर के अन्तर्गत ग्राम दौना की निवासिनी अनुसूचित जाति की महिला शिवपतिया को गांव के ही सामंतो द्वारा निर्वस्त्र करके सरेआम पूरे गांव में घुमाया गया था। उक्त दौना काण्ड को ले करके सूबे में रही मुलायम सिंह की सरकार की खूब किरकिरी हुई थी। गौरतलब है कि 1994 में बसपा के सहयोग से चल रही मुलायम सरकार को बसपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष मान्यवर कांशीराम के समर्थन वापसी से मुलायम सरकार गिर गई थी। इस घटना से मुलायम सिंह को बड़ी कीमत चुकानी पड़ी थी। तत्कालीन जिला प्रशासन ने शासन के निर्देश पर पीड़ित शिवपतिया और उसके देवर रामानन्द को आराजी नम्बर 509 व 214 में लगभग कुल दो बीघा नौ विस्वा का कृषि कार्य हेतु पट्टा व आर्थिक सहायता भी दी गयी। पुलिस प्रशासन ने दलित महिला के उत्पीड़न व निर्वस्त्र घुमाने के बावत कुल बाइस लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी आरोपियों को न्यायालय द्वारा दोषी करार दिया गया। मुल्जिमानों ने माननीय न्यायालय से अपनी जमानत करा ली जेल से छूटते ही पीड़ित परिवारों को आरोपियों द्वारा धमकी दी जाने लगी तथा राजस्व निरीक्षक रुचि गुप्ता के सहयोग से राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी कर पीड़ित पक्ष को आवंटित पट्टे की जमीन पर उगी हुई सरसों की फसल को काट लिये। पीड़ित पक्ष ने जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने पीड़ित पक्ष को दौना काण्ड की पुनरावृत्ति की धमकी दी। पीड़ित पक्ष ने इसकी सूचना देकर जिला और पुलिस प्रशासन से अवगत कराया तथा तहसील बारा के समक्ष धरना प्रदर्शन कर अपना दुखड़ा रोया। हरकत में आई तहसील व पुलिस प्रशासन ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पीड़ित पक्ष को यह आस्वस्थ किया की 31 मार्च के बाद आवण्टित पट्टे की जमीन की विधिवत पैमाइस कराकर कब्जा दिलाया जाएगा। गुरुवार को तहसील प्रशासन से नायाब तहसीलदार विश्व दीपक त्रिपाठी, राजस्व निरीक्षक तथा लेखपालो की टीम व थाना प्रभारी घूरपुर धीरेन्द्र सिंह मय पुलिस फोर्स के साथ पैमाइस के समय उपस्थित रहे।

बाइक व साइकिल सवार में भिड़ंत दो लोग गंभीर रूप से घायल

जारी। कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी बाजार में गुरुवार को शाम 6:00 बजे बाइक वह साइकिल सवार में आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिससे साइकिल व बाइक सवार दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए मिली जानकारी के अनुसार जारी के लोटाढ़ निवासी अभिमन्यु उर्फ मोती (उम्र 80 वर्ष)व बाइक सवार निजाम जारी सेमरी निवासी जारी बाजार खरीदारी करने आए थे सामने से तेज रफ्तार में आ रही बाइक व साइकिल भिड़ंत हो जाने से बाइक से निजाम पुत्र मुख्तार भी गंभीर रूप से घायल हो गया जिससे स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को नजदीकी नर्सिंग होम में एडमिट कराया गया जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

थर्ड फेज के शहरों की रैंकिंग में प्रयागराज को मिला प्रथम स्थान

अखंड भारत संदेश

स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रयागराज को मिला पहला स्थान

प्रयागराज। विकास कार्य में बेहतर काम करने के लिए थर्ड फेज में स्मार्ट सिटी के लिए चयनित शहरों में पहला रैंक मिला है। थर्ड फेज में देश के 30 शहरों को स्मार्ट सिटी के लिए चयन किया गया है। वहीं अलीगढ़ को दूसरा और झांसी को तीसरा रैंक मिला है। केंद्रीय शहरी विकास आवास मंत्रालय की ओर से बुधवार को यह रैंकिंग जारी की गई है। वहीं देश के 100 स्मार्ट सिटी में चयनित शहरों में प्रयागराज को 11वां स्थान मिला है। प्रदेश स्तर पर जारी की रैंकिंग में अपना शहर चौथे स्थान पर है। केंद्र सरकार की ओर से प्रतिदिन सभी स्मार्ट सिटी की रैंकिंग तय करता है।

थर्ड फेज में स्मार्ट सिटी के लिए 30 शहर हैं चयनित :

थर्ड फेज में स्मार्ट सिटी के लिए प्रयागराज सहित 30 शहरों का चयन किया गया। सभी को निर्धारित बजट विकास के लिए उपलब्ध कराया गया। प्रयागराज को विकास स्मार्ट सिटी के तहत 1000 करोड़ रुपये आवंटित किया गया। इसके सापेक्ष 500 करोड़ रुपये विकास कार्य में अब तक खर्च किए गए। इससे प्रयागराज को 91.43 नंबर मिले हैं, वहीं अलीगढ़ को निर्धारित बजट में से 43 प्रतिशत खर्च किया है जिससे इस शहर को 71 नंबर मिले हैं। झांसी विकास कार्य के लिए निर्धारित बजट में से 37 प्रतिशत खर्च किया है जिससे 69 नंबर मिले हैं।

स्मार्ट सिटी के मिशन मैनेजर बोले :

स्मार्ट सिटी के मिशन मैनेजर संजीव सिन्हा ने बताया कि योजना के तहत बेहतर काम करने के कारण प्रयागराज की रैंक लगातार बढ़ रही है। वहीं बताया कि आने वाले चंद दिनों में प्रयागराज में बेहतर काम करके इसे 10 बेहतर स्मार्ट सिटी की श्रेणी में पहुंचाया जाएगा।

प्रयागराज में जल्द आ सकती है टीम :

नगर निगम की ओर से स्वच्छ सर्वेक्षण का सर्वे कराया जा रहा है। इसका मूल्यांकन करने के लिए तीन दिनों के भीतर केंद्रीय टीम प्रयागराज आ सकती है। इस मामले को लेकर बुधवार को नगर निगम के अधिकारियों ने बैठक भी की थी। पर्यावरण अभियंता उत्तम वर्मा ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण कराया जा रहा है।

कार्यालय ग्राम पंचायत बड़नपुर विकास खण्ड सोरांव प्रयागराज

टेण्डर/कोटेशन

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी योजना अन्तर्गत/निम्नलिखित परियोजनाओं पर निर्माण कार्यों में प्रयोगार्थ सामग्री जैसे :– ईंट, सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू, ईंट गिट्टी इत्यादि की आपूर्ति हेतु 20000 से 100000 तक की सामग्री का कोटेशन तथा रूपया 100001(एक लाख एक रूपया) से ऊपर की सामग्री हेतु अधिकृत आपूर्तिकर्ताओं से जिनके पास पैन सं0 हो मोहर बंद टेण्डर दिनांक 07.02.2022 को पूर्वान्ह 10बजे से अपराह्न 2 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत बड़नपुर के टेण्डर बाक्स में आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिनांक अपराह्न 3 बजे कोटेशनदाता/निविदादाता की उपस्थिति/अनुपस्थिति में गठित निविदा कमेटी के समक्ष खोलकर स्वीकृत प्रदान की जायेगी निविदा प्रपत्र दिनांक 02.02.2022 से 07.02.2022 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा प्रपत्र शुल्क नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकेगे एवं धनराशि/NSC/FD के रूप में ग्राम पंचायत बड़नपुर के पक्ष में स्वीकार की जायेगी।

क्र0	ग्राम पंचायत का नाम	योजना का नाम	कार्यस्थल का विवरण	सामग्री का नाम	लागत (लाख में)	टेण्डर/ कोटेशन
1.	बड़नपुर	मनरेगा	मुंशी के घर से तालाब तक पक्की नाली निर्माण लम्बाई 50 मीटर चौड़ाई 1 फिट	पावर ब्रिक्स, ईंट,सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू इत्यादि	1.5 लाख	टेण्डर

रीता देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बड़नपुर
वि0 ख0 सोरांव, प्रयागराज।

मिथलेश कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत बड़नपुर
वि0 ख0 सोरांव, प्रयागराज

हाईस्कूल की 214 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं शुरू

अखंड भारत संदेश

हाईस्कूल में 6770 व इंटर में 4534 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

गेट पर तलाशी लेते आंतरिक दल के सदस्य।

प्रतापगढ़। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले के 214 परीक्षा केन्द्रों पर आज गुरुवार को उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं शांतिपूर्वक माहौल में शुरू हुई। पहली पाली में हाईस्कूल हिन्दी तथा इंटर का सैन्य विज्ञान का पेपर था जबकि दूसरी बेला में इंटर हिन्दी व सामान्य हिन्दी का पेपर था।

हाईस्कूल में 57304 एवं इंटर में 56468 परीक्षार्थी जिले में कुल पंजीकृत हैं। इनमें से गुरुवार को हाईस्कूल हिन्दी में 6770 परीक्षार्थी अनुपस्थित तथा इंटर सैन्य विज्ञान में 08 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को हाईस्कूल में 50405 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि इंटर सैन्य विज्ञान में 29 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है। बता दें कि प्रशासन ने जिले में नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये चाक चैबंद व्यवस्था की है। जिले में पांच जोनल व 28 सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाये गये हैं। सभी परीक्षा केन्द्रों पर स्टैटिक मजिस्टे ज्ट के अलावा नये 214 वाहय केन्द्र व्यवस्थापक भी तैनात किये गये हैं तथा सभी परीक्षा केन्द्रों को आनलाइन कन्ट्रोल रुम से जोड़ा गया है। पहली बेला में परीक्षा में सेक्टर मजिस्ट्रेट व जिला प्रशासन के अधिकारी परीक्षा केन्द्रों का दौरा कर रहे थे। परीक्षा केन्द्रों पर आंतरिक सचल दल गेट पर तलाशी ले रहा था और परीक्षा के दौरान कक्षों में भी निगरानी रख रहा था। द्वितीय पाली की इंटर की परीक्षा में 22763 परीक्षार्थी ने परीक्षा दी। जबकि 4534 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

डिग्री कालेज में उड़ाका दल ने दो नकलची छात्रों को पकड़ा

अखंड भारत संदेश

मदन मोहन मालवीय डिग्री कालेज में परीक्षा देते परीक्षार्थी।

परियावां, प्रतापगढ़। मदन मोहन मालवीय पोस्ट ग्रेजुएट कालेज कालाकांकर व ज्वाला देवी डिग्री कालेज रेताही मानिकपुर व सरयू इंद्रा महाविद्यालय संग्रामगढ़ की चल रही डिग्री कालेज कालाकांकर में परीक्षा की जानकारी देते हुए परीक्षा प्रभारी डॉ सूर्यभान सिंह व डॉ प्रदीप सिंह ने बताया कि 12 मार्च से 30 मार्च तक चल रही परीक्षा में एम ए प्रथम समेस्टर, एलएलबी प्रथम समेस्टर, बीएसजी-ए जी प्रथम व पांचवी समेस्टर परीक्षा में गुरुवार की प्रथम पाली में साढ़े नौ बजे से साढ़े बारह बजे तक सम्पन्न हुई जिसमें 1004 छात्रों में 12 अनुपस्थिति परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे।

कुल 956 छात्र उपस्थिति है। कालेज के केंद्राध्यक्ष प्रो0 शिवम श्रीवास्तव ने शांतिपूर्ण ढंग से व नकल परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए कालेज के शिक्षकों की एक उड़ाका दल टीम बनाई है। गुरुवार को उड़ाका दल टीम ने एक छात्र व दूसरी छात्रा को रंगे हाथ नकल करते हुए पकड़ा। उड़ाका दल की छापेमारी से परीक्षार्थियों में हड़कम्प मच गया। उड़ाका दल की टीम में डॉ शिष्टी कुशवाहा, डॉ प्रदीप सिंह, डॉ इंदु रेखा सिंह, डॉ सूर्यभान सिंह, डॉ रेखा सिंह, डॉ रामकरन, डॉ शिव भूषण गुप्ता,डॉ विनीता सिंह शामिल है।

पिता पुत्र समेत सात पर यूपी गैंगेस्टर एक्ट का दर्ज हुआ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक, भौतिक व राजनैतिक लाभ के लिए हत्या, हत्या के प्रयास, अवैध शस्त्र का इस्तेमाल करने व निम्न वर्ग के व्यक्तियों के साथ मारपीट करने तथा समाज मे भय व आतंक का माहौल बनाने के आरोप को लेकर पिता पुत्र समेत सात लोगों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोह बंद समाजविरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की धारा मे बुधवार की देर शाम मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाल कमलेश पाल की तहरीर पर कोतवाली मे क्षेत्र के हदिराही गांव निवासी नन्हें लाल वर्मा समेत सात लोगों के खिलाफ यूपी गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ।

कोतवाली पुलिस के अनुसार हदिराही गांव निवासी नन्हेंलाल वर्मा पुत्र रामनाथ का संगठित गिरोह है। इस गैंग के लीडर नन्हें लाल वर्मा अपने पुत्र नीतेन्द्र कुमार, महेन्द्र, अजीत उर्फ जीतेन्द्र तथा लक्ष्मण पुत्र ननकू, संगम पुत्र राधेश्याम, रिंकू वर्मा उर्फ अरूण पुत्र श्रीराम के साथ संगठित गिरोह बनाकर विभिन्न आपराधिक वारदातों को अंजाम देता है।

रक्तदान करना जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कार्य : डा0 रमेश यादव

अखंड भारत संदेश

पीबीपीजी कालेज में रक्तदान की उपयोगिता पर हुई संगोष्ठी

रक्तदान संगोष्ठी में भाग लेते प्राचार्य व अन्य।

प्रतापगढ़। प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतर्गत रक्तदान एवं उसकी उपयोगिता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉ बृज भानु सिंह की अध्यक्षता में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में जिला चिकित्सालय से डॉक्टर रमेश यादव रहे।

मुख्य अतिथि अपने उद्बोधन में रक्त उपादेयता एवं उसके संरक्षण पर बहुत सारी जानकारियां छात्रों को देते हुए कहा कि रक्तदान कन्यादान से भी बड़ा दान होता है। यदि कोई व्यक्ति रक्तदान करता है तो उसे भगवान के समान माना जाता है। उन्होंने कहा कि तीन महीने में एक बार रक्तदान करने से उस व्यक्ति की क्वांटिटी बनी रहती है और उसका रक्त प्यूरिफाई हो जाता है। जीवन में एक ही बार रक्तदान करने से भी सबसे ज्यादा आत्म संतुष्टि मिलती है। माता-पिता को रक्त की आवश्यकता पड़ने पर यदि उनके बच्चे रक्तदान करने लायक हो तो वह अवश्य करें, कभी भी पीछे ना हटे क्योंकि माता-पिता से बढ़कर संसार में कोई भी नहीं होता है और रक्तदान करना जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कार्य होता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बृज भानु सिंह ने कहा कि रक्तदान करने से मनुष्य को मनुष्य से ईश्वर की उपाधि मिल जाती है राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से स्वयंसेवकों को रक्तदान के प्रति प्रेरित करना हम सब का लक्ष्य होना चाहिए और बिना किसी समस्या के व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जिला चिकित्सालय में डॉ रमेश यादव जी रक्तदाता के रूप में तैनात हैं जो सदैव पीड़ित व्यक्तियों जो ब्लड के अभाव में जीवन और मृत्यु से संघर्ष कर रहे हैं उनकी मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं और ब्लड उपलब्ध करा कर उनके जीवन की रक्षा करने का पुनीत कार्य भी इनके द्वारा किया जा रहा है।

डॉ सिंह ने कहा कि बड़े भाग्य से यह मानव शरीर मिला हुआ है हमें इसे अपने देश के लिए समाज के लिए और राष्ट्र के लिए निस्वार्थ भाव से समर्पित कर देना चाहिए जीवन में हमें अपनी अलग पहचान बनाने के लिए एक अलग व्यक्तित्व धारण करना होगा आप स्वयं की सेवा के साथ-साथ दूसरों की सेवा के लिए अपना जीवन बनाएं यही राष्ट्र सेवा का प्रथम कर्तव्य है राष्ट्रीय सेवा योजना के इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉक्टर ब्रह्मानंद प्रताप सिंह ने कहा कि रक्तदान करना जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कार्य होता है रक्तदान से जहां हम दूसरों की जीवन की रक्षा करते हैं वही एक पुनीत कार्य करने का शुभ अवसर भी मिलता है। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर नीरज त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर कुसुम लता, डॉ देवेश सिंह, पवन कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह, आशीष कुमार मालवीय, अजय कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

मांगों को लेकर आयोजित हड़ताल पर बनी रणनीति

अखंड भारत संदेश

28 व 29 मार्च को हड़ताल करेंगे बैंक कर्मी

मांगों से सम्बन्धित बैनर के साथ बैक कर्मी।

प्रतापगढ़। देश के श्रमिक संगठनों द्वारा लाखों कामगारों और उनकी मांगों के समर्थन में आल इण्डिया बैंक इम्प्लाइज एसोसिएशन व आल इण्डिया बैंक आफीसर्स एसोसिएशन के आहवान पर समूचे राष्ट्र में 28 व 29 मार्च को बैंक कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे।

इसी तैयारी के क्रम में अध्यक्ष साथी सच्चिदानंद पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें हड़ताल को सफल बनाने की रणनीति तय की गई। सभा में सर्वसम्मति से तय किया गया कि सभी बैंक के कर्मचारी भंगवा की चुंगी स्थित बैंक आफ इण्डिया के सामने प्रातःकाल साढे.नौ बजे एकत्र होंगे और मोटरसाइकिल रैली की शकल में सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाओं के सामने घूम-घूमकर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी प्रमुख मांगों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण बंद किया जाए व इन्हें सुदृढ किया जाए। सजावटी छटनी बंद करें व खराब ऋणें को सख्ती से वसूल करें।

बैठक में पंजाब नेशनल बैंक के देवेन्द्र कुमार मौर्य, बैंक आफ इण्डिया के नवीन प्रसाद, अश्विनी कुमार, इंण्डियन बैंक के दिनेश कुमार, रबी भारती, नवीन सिंह, हेमंत नंदन ओझा, वीपी त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

अपर शिक्षा निदेशक ने बोर्ड परीक्षा का किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

केन्द्र व्यवस्थापकों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करतीं डा0 अंजना गोयल।

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश शासन एवं माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की मंशा के अनुरूप बोर्ड परीक्षा 2022 को शुचिता पूर्ण, नकल विहीन, एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए उत्तर प्रदेश शासन से नामित पर्यवेक्षक डॉ अंजना गोयल अपर शिक्षा निदेशक (राजकीय) उत्तर प्रदेश ने प्रथम पाली में हाईस्कूल हिंदी एवं द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट हिंदी की परीक्षा का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने सभी केंद्रों पर केन्द्रव्यवस्थापक, वाह्य केंद्रव्यस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं कक्ष निरीक्षकों उपस्थित की जानकारी लीस प्रश्न पत्रों के रखने की डबल लॉक व्यवस्था को देखा, बचे हुए प्रश्न पत्रों को देखा, उनका सीटिंग प्लान सीसीटीवी कैमरा और कमरों में प्रकाश की व्यवस्था देखी और सभी केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रथम पाली में कमला नेहरू बालिका इंटर कॉलेज लखनपुरशुर सांगीपुर एवं चंद्रशेखर मिश्र इंटर कॉलेज लखनपुरशूर सांगीपुर प्रतापगढ़ का निरीक्षण किया. इसी प्रकार द्वितीय पाली की परीक्षा में आधा दर्जन से ऊपर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नामित लाइजन अफसर डॉ विंध्याचल सिंह एवं डॉ मोहम्मद अनीस उनके साथ रहे। इसके अतिरिक्त सचल दल सदस्य नीरू श्रीवास्तव, सारिका गुप्ता, सरोज कुमार यादव, स्टेनो अशोक कुमार पटेल आदि साथ में रहे।

हाई स्कूल व इंटर की परीक्षा में पहले दिन अनुपस्थित रहे 53 छात्र

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। यूपी बोर्ड द्वारा संचालित हाई स्कूल व इंटर की हिंदी प्रश्नपत्र की परीक्षा में पहले दिन गुरुवार को प्रथम व दूसरी पाली में कुल 53 परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे। हनुमत इंटर कालेज कालाकांकर केंद्र व्यवस्थापक लक्ष्मी त्रिपाठी जीजीआईसी मानिकपुर ने बताया कि हाई स्कूल हिंदी परीक्षा में प्रथम पाली में 230 परीक्षार्थियों में 212 परीक्षार्थी 13 कमरों में परीक्षा दे रहे है जिसमे 18 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जिसमे इंटर की हिन्दी परीक्षा में दूसरी पाली में 129 परीक्षार्थी में 8 परीक्षार्थी अनुपस्थिति है। इसी प्रकार जनता इंटर मीडिएट कालेज आलापुर में हाई स्कूल व इंटर बोर्ड परीक्षा के केंद्र व्यवस्थापक अरुण कुमार सिंह व सहायक केंद्र व्यवस्थापक योगेश कुमार सिंह ने बताया कि हाई स्कूल प्रथम पाली में 257 परीक्षार्थी में 16 छात्र बिना कोई सूचना के अनुपस्थिति है। इस तरह दोनों परीक्षा केंद्र में कुल मिलाकर हाई स्कूल में 34 व इंटर में 19 छात्र परीक्षा नही दे रहे हैं।

शहीद दिवस समारोह में चार साहित्यकारों को मिला सम्मान

नेहरु युवा केन्द्र द्वारा आयोजित हुआ कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु की यादगार में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में दो दिवसीय शहीदी दिवस मनाने के क्रम में जनपद प्रतापगढ़ के सैनिक पुनर्वास एवं कल्याण केंद्र कार्यालय पर नेहरू युवा केंद्र द्वारा शहीद दिवस समारोह का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपर जिला मजिस्ट्रेट की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। समारोह को व्यवस्था देने में कैप्टन आर के सिंह एवं परियोजना अधिकारी ने संयुक्त रूप से सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने वंदना एवं देशभक्ति के गीत प्रस्तुत कर शहीदों को नमन किया। साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से देश के अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि देश को आजाद कराने वाले अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु जैसे योद्धाओं की कुर्बानियों को देश, भुला नहीं सकता है। इस अवसर पर सन 1962 के इंडो-चाइना वार के शहीदों को की पत्नियों के साथ स्वतंत्र कवि मंडल सांगीपुर के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, आकाशवाणी के गीतकार सत्येंद्र नाथ मिश्र मृदुल, डॉ सुधांशु उपाध्याय एवं सुरेश नारायण दुबे ष्व्योमष् को अंगवस्त्रम एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटरा गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

मोटरसाकिल, तमंचा व आधार कार्ड बरामद

प्रतापगढ़। स्वाट टीम व थाना मांधाता पुलिस ने थाना क्षेत्र मांधाता के ग्राम बड़ी नहर बुजहा के पास हुई लूट की घटना से संबंधित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने व 01 अदद पल्सर मोटर साइकिल (बिना नम्बर की) 02 अदद अवैध तमंचा व 05 कारतूस बरामद करने में सफलता पाई है।

21 मार्च को वादी शैलेन्द्र कुमार विश्वकर्मा पुत्र सुरेन्द्र विश्वकर्मा निवासी गाजीपुर थाना मांधाता जनपद प्रतापगढ़ द्वारा थाना मांधाता पुलिस को सूचना दी गई कि आज शाम लगभग आठ बजे थाना क्षेत्र मांधाता के ग्राम बड़ी नहर बुजहा के पास अपाचे मोटर साइकिल सवार तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा असलहा दिखाकर उनकी अपाचे मोटर साइकिल नं0 यूपी 72 ए0आर0 4034, एक मोबाइल फोन व 1000 रुपए छीन लिया गया। इसी क्रम में सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र मांधाता के डंबल की ईनारी के पास से 0एकबदमाश को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया जबकि दो अन्य बदमाश अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गये। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों द्वारा पुलिस पार्टी पर फॉयरिंग की गई, इस दौरान पुलिस पार्टी द्वारा भी आत्मरक्षार्थ फायरिंग की गई जिसमें मौके से गिरफ्तार अभियुक्त सुफियान उर्फ पोची के दाहिने पैर में घुटने के नीचे गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसको पुलिस पार्टी द्वारा तत्समय उपचार हेतु जिला अस्पताल प्रतापगढ़ ले जाया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक पल्सर मोटर साइकिल (बिना नम्बर की), 02 अदद तमंचा, 05 कारतूस व 01 अदद आधार कार्ड बरामद किया गया। बरामद पल्सर मोटर साइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया है।

हृदयगति रुकने से डॉ शमीम अख्तर की मौत

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावा निवासी पूर्व ग्राम प्रधान स्व0 मो0 अकरम के लड़के डॉ शमीम अख्तर ऊँचाहार में क्लीनिक खोल रखे थे। गुरुवार को अचानक तबियत खराब होने पर परिजन व इष्ट मित्र लोग ऊँचाहार एनटीपीसी के जीवन ज्योति हास्पिटल ले गए, जहाँ चिकित्सको में डॉ शमीम को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर परियावां उनके पैतृक घर मे चीख पुकार मच गया। आस पास के लोगो का घर पर जमावड़ा लग गया। अचानक मौत की खबर मिलते ही परियावां बाजार में लोग शोक में डूब गए। डॉ शमीम अख्तर बड़े ही शान्त व मृदुल स्वभाव के थे।

बोलेरो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। वृहस्पतिवार को दोपहर बाद रिश्तेदारी से घर लौट रहे बाइक सवार युवक को बोलेरो ने टक्कर मार दी। घटना में घायल युवक को परिजन सीएचसी ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मोठिन निवासी सेराज (25) पुत्र शेर मोहम्मद राजमिस्त्री का काम करता था।वह सुबह बाइक से किसी काम से बाहर गया था। दोपहर बाद घर वापस लौट रहा था जैसे वह गांव के करीब पहुँचा की सामने से आ रही बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन पहुँच गए। गंभीर रूप से घायल सेराज को लालगंज सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया। घटना से आहत परिजनो में कोहराम मच गया।

गोपालजी को अदालत से मिली जमानत

प्रतापगढ़। प्रभारी जिला जज संतोष कुमार त्रिपाठी ने निवर्तमान एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल की जमानत स्वीकार कर ली है। बता दें कि बुधवार को एमपी-एमएलए कोर्ट ने सात वर्ष की सजा व 10 हजार का जुमार्ना की सजा सुनाया था और मंगलवार को ही वह हिरासत में ले लिये गये थे। दो दिन जेल में बिताने के बाद आज जमानत के लिये जिला जज की कोर्ट में अपील की गई जिसे प्रभारी जिला जज संतोष कुमार त्रिपाठी ने स्वीकार कर लिया है। इससे गोपाल जी के समर्थकों में खुशी की लहर है।

कांग्रेस के ताजा सियासी हालात को लेकर सोनिया ने प्रमोद तिवारी से की गहन मंत्रणा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ। यूपी में कांग्रेस संगठन तथा ताजा सियासी हालात को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गॉधी के अचानक बुलावें पर केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य तथा आउटरीच एण्ड को-ऑर्डिनेशन कमेटी, उत्तर प्रदेश के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने दिल्ली पहुँचकर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गॉधी से गहन राजनीतिक मंत्रणा की है। सोनिया गॉधी के अचानक मुलाकात के लिए प्रमोद तिवारी को जैसे ही संदेश मिला श्री तिवारी सूबे में अपने सभी पहले से तय कार्यक्रमों को बीच में रद्द कर दिल्ली पहुँच गये। कांग्रेस के जिले के चोटी के नेता प्रमोद तिवारी की सोनिया गॉधी के साथ हुई मुलाकात को लेकर बेल्हा के कांग्रेसियों को भी गुरूवार को यहॉ खासे उत्साह में देखा गया। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी की बुधवार की देर शाम सोनिया गॉधी से हुई मुलाकात में पार्टी के संगठनात्मक पहुलओं पर भी नीतिगत चर्चा हुई । सोनिया गॉधी ने प्रमोद तिवारी को यूपी0 की रामपुर खास विधान सभा की सीट पर कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की विपरीत परिस्थितियों में भी हुई शानदार जीत के लिए बधाई दी। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गॉधी ने प्रमोद तिवारी से उत्तर-प्रदेश में पार्टी संगठन को नये सिरे से मजबूत बनाने के लिए बड़ी जिम्मेदारी के निर्वाहन किये जाने पर खासा जोर दिया।

अज्ञात कारणों से लगी आग, चार घर खाक

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। जेठवारा थाना क्षेत्र के कटवढ़ गांव निवासी उदय प्रताप सिंह पुत्र रामखेलावन अपने परिवार के साथ अपने छप्परनुमा मकान के बाहर बरामदे मे गुरूवार की दोपहर करीब बारह बजे खाना खा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात कारणों से उनके छप्परनुमा मकान मे आग लग गयी। घर से उठती आग की लपटों को देख शोर मचाते उदय प्रताप व घर के लोग बाहर भागे। शोर सुनकर आसपास के लोग भी बाहर आ गये। इधर आग की तेज लपटों ने देखते ही देखते बगल के फूलकली पत्नी रामखेलावन व चंद्रभान पुत्र राजेन्द्र तथा नरेन्द्र बहादुर पुत्र लालता प्रसाद के छप्परनुमा मकान को भी अपनी आगोश मे ले लिया। आगजनी की घटना की जानकारी होते ही जुटे ग्रामीणों ने आग बुझाने मे जुट गये। करीब घण्टे भर की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका।

लूट की घटना का स्वाट टीम ने किया खुलासा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। टाइनी शाखा संचालक खुद ही साजिशकर्ता निकला। बैंक से एक लाख 25 हजार रु निकाल कर ले जाते समय साथियो के साथ मिलकर लूट की साजिश रची थी, जिसका पुलिस ने आज खुलासा कर दिया। मामला मानधाता थाना क्षेत्र के पुरैली गांव के पास है। पुलिस ने आरोपी टाइनी शाखा संचालक को हिरासत में लिया है।

थाने के लॉकअप से भागे आरोपी को सुल्तानपुर में दबोचा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। थाने से लाकअप से भागे आरोपी को पुलिस ने उसका पीछा कर प्रतापगढ़ से 35 किलोमीटर दूर पायगीपुर चोराहे से गिरफ्तार किया है। सीओ सिटी अभय पाण्डेय और थाना कोहड़ौर के एसओ की सक्रियता से घण्टे भर के अंदर भागा हुआ आरोपी गिरफ्त में आ गया। आरोपी शिवम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शिवम पर नाबालिक लड़की भगाने का आरोप है, जिस पर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इस दौरान कोहड़ौर थाने के लॉकअप में बंद युवक खिड़की तोड़ कर भाग निकला था। शिवम कोहड़ौर थाना के सरायरजई गांव का है।

खबर संक्षेप

एसपी ने किया कोखराज थाने का निरीक्षण

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने बुधवार की रात्रि को कोखराज थाने का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान एसपी ने विवेचकों का अर्दली रूम चेक किया साथ ही थाना परिसर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सिराथू के साथ थाना कोखराज व अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

एसपी ने सुनी जनसुनवाई

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया इस दौरान जिले के अलग अलग थानो से आये फरियादियो की समस्याओं को एसपी ने सुनी साथ ही एसपी ने संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया कि शिकायकताओं की समस्याओं का निस्तारण त्वरित व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करने के लिए आदेशित किया है।

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त राम सवारे पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी भदुरपुर मजरा टेनशाह आलमाबाद थाना मंझनपुर को टेनशाह आलमाबाद तिराहे से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

जिलाधिकारी ने की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

लापरवाही बरतने वाले बैंकों के विरूद्ध दर्ज की जाए एफआईआर

बैठक करते डीएम

बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में सम्राट उदयन सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की बैठक सम्पन्न हुई जिलाधिकारी ने सभी बैंको के अधिकारियों से कहा कि विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत सभी ऋण आवेदन जो स्वीकृत हो गये हैं उन सभी को निस्तारित करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होने विभागीय अधिकारियों को भी स्वीकृत ऋण आवेदनों पर विशेष ध्यान देते हुए निस्तारित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने लम्बित ऋण आवेदनों को 02-03 दिनों में निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैंको के अधिकारियों से कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। बैठक में बताया गया कि स्वयं सहायता समूह के खातों को खोलने में बैंको द्वारा लापरवाही बरती जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी ने लापरवाही बरतने वाले बैंकों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं-किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य पालन किसान क्रेडिट कार्ड, पशु पालन किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना सहित आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त ऋण आवेदनों पर अब तक की गयी कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा करते हुए ऋण आवेदनों को निस्तारित करने के निर्देश दिये उन्होंने कहा कि कोई भी ऋण आवेदन लम्बित न होने पाये बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी, एलडीएम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

क्षय रोगियों को गोद लिये जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में सम्राट उदयन सभागार में क्षय रोगियों को गोद लिये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश में क्षय रोग मुक्त अभियान संचालित है उन्होंने कहा कि शासनादेश के अनुसार जनपद के विभिन्न शैक्षणिक संस्थान लोकोपकारी सामाजिक संस्थायें गणमान्य व्यक्ति जो क्षय रोगियों को गोद लेने हेतु इच्छुक हैं उन सभी की सूची तैयार कर कार्यवाही किया जाय। उन्होंने डीपीआरओ को इच्छुक प्रधान जो क्षय रोगियों को गोद लेना चाहते हैं, उनकी सूची तैयार कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये जिलाधिकारी ने कहा कि वे स्वयं, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, जनपद स्तरीय अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एक-एक क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पौष्टिक आहार उपलब्ध करायेंगे तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी नियमित लेते रहेंगे। पौष्टिक आहार के रूप में एक किलोग्राम मूंगफली एक किलोग्राम भुना चना एक किलोग्राम गुड़ रक किलोग्राम सत्तू दक किलोग्राम तिल व गजक, तथा एक किलोग्राम बार्नबीटा हारलिक्स कॉम्पलान दिया जायेगा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ0 विश्राम एवं मुख्य चिकित्साधिकारी केसी राय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पंचायत सचिव अखिलेश कुमार पर भ्रष्टाचार सिद्ध होने पर निलम्बन की हुई कार्यवाही

कौशाम्बी। नेवादा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत सचिव बरौलहा की भ्रष्टाचार की शिकायत पर अधिकारियों ने सज्ञान लिया और जाँच करना शुरू किया तो भ्रष्टाचार का जखीरा मिलना शुरू हो गया जिसके जांच के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी कौशाम्बी ने कारण बताओ नोटिस नियमानुसार तीन बार जारी की जिसका जवाब ग्राम पंचायत अधिकारी बरौलहा अखिलेश कुमार सोनी द्वारा नही दिया गया जिस पर दिनांक-15 दिसंबर को ग्राम पंचायत बरौलहा में गो-आश्रय स्थल के लिये खरीदे गये जनरेटर पंचायत भवन एवं सामुदायिक शौचालय को शासन द्वारा निर्गत गाइडलाइन एवं उच्चाधिकारियों द्वारा दिये गये निदेर्शों का पालन न करते हुए अपने मनमाने तरीके से कार्य कराते हुए धनराशि का आहरण कर दुरूपयोग एवं वित्तीय अनियमितता गबन कर लिये जाने के आरोपों में अखिलेश कुमार सोनी ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड नेवादा को दोषी पाये जाने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है और यह भी स्पष्ट किया की निलम्बन अवधि में अखिलेश कुमार ग्राम विकास अधिकारी को वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-2 से 4 के मूल नियम 53 के प्राविधानों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ता अर्द्ध औसत वेतन दिया जायेगा।

नया व्यवसाय शिखर पर पहुचाने के उद्देश्य से मण्डल के वरिष्ठ प्रबंधक ने की बैठक

बैठक के बाद बाहर निकलते एलआईसी कर्मी और अधिकारी

अखंड भारत संदेश

बैठक में भरवारी सहित मंडल के अधिकारियों रहे मौजूद

भरवारी कौशाम्बी। कोखराज अंतर्गत कोखराज राम जी होटल में भारतीय जीवन बीमा निगम भरवारी के शाखा प्रबंधक राम सूंदर केशरवनी के नेतृत्व में बैठक आयोजित हुई जिसमें मण्डल के सभी वरिष्ठ अधिकारी व अभिकर्ता मौजूद रहे। बैठक में प्रयागराज से पधारे वरिष्ठ मंडल प्रबंधक एलआईसी के आर के सिंह एवम बिपरण प्रबंधक विवेक त्यागी एवम मार्केटिंग के सभी सदस्यो ने सन 2021 व 2022 में नया व्यवसाय को प्रचंड शिखर तक पहुचाने के लिए सभी अभिकताओं को एडी चोटी का जबरदस्त जोर लगते हुए व्यवसाय को शिखर तक पहुचाने का जोश भरना है वही भरवारी के शाखा प्रबंधक राम सुंदर केशरवनी ने आये हुए सभी लोगों को पूरे जोश में किसी प्रकार की कमी न रहने पाय व्यवसाय को इलाहाबाद मंडल में पूरे उत्तर मध्य क्षेत्र कानपुर में अपना जबरदस्त परफार्मेन्स करके अपने मंडल का नाम सबसे ऊपर करने का काम करे बैठक का आयोजन भरवारी के शाखा प्रबंधक राम सुंदर केधरवानी किया।

अग्निकांड में जल जाए चार पशु

ओसा कौशाम्बी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ओसा ग्राम पंचायत के मजरा गड़ाडियन के पुरवा में गुरुवार को दिन में जुगराज पाल पुत्र लल्लू पाल के घर अचानक आग लग गई है आग लगने से जुगराज की तीन बकरी और एक गाय के बच्चे की जलकर मौत हो गई है अग्निकांड में एक गाय भी झुलस गई है जिसे ग्रामीणों ने बचा लिया है और इलाज शुरू कर दिया है। इस अग्निकांड में गृहस्वामी के घर के छप्पर व अन्य सामान भी जल गए हैं। मामले की सूचना राजस्व प्रशासन और पुलिस को दी गई है।

बैटरी चोरी का खुलासा नहीं कर सकी पुलिस

करारी कौशांबी। करारी थाना क्षेत्र के शुक्लन का पुरवा गांव निवासी बृजेश सिंह पुत्र श्री राम के वाहन से 23 दिसंबर को बैटरी चोरी करने का प्रयास किया गया था 21 जनवरी को फिर दुबारा चोरों ने उनके वाहन से सामान निकाल लिया है मामले की सूचना करारी पुलिस को दी गई है लेकिन घटना को 3 महीने बीत जाने के बाद मामले में पुलिस रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी और घटना का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी पीड़ितों का कहना है कि मामले में उन्होंने चोरों के नाम भी पुलिस को बताए थे लेकिन फिर भी पुलिस 3 महीने बाद मामले का खुलासा नहीं कर सकी है।

डीएम एसपी ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

शांतिपूर्ण व नकल विहीन तरीके से परीक्षा को कराये सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल व इंटर मीडिएट की परीक्षा गुरुवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू कर दी गई है जिसमे जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किये और परीक्षा को शांतिपूर्ण व नकल विहीन तरीके से सम्पन्न कराने का निर्देश दिया है। बोर्ड परीक्षा हाई स्कूल व इंटर मीडिएट की परीक्षाए आज से शुरू हो गई है जिसमे परीक्षा के सफल संचालन हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है जनपद में बनाए गए कुल 80 परीक्षा केंद्रों पर कुल 42 हजार 504 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे हाईस्कूल में कुल 23 हजार 361 परीक्षार्थी एवं इंटर में कुल 19 हजार 143 परीक्षार्थी परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने आज यूपी बोर्ड परीक्षा को शान्तिपूर्ण सुचितापूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु श्री दुर्गा देवी इण्टर कालेज ओस, नेशनल इण्टर कालेज भरवारी कस्तूरबा गॉधी कन्या इण्टर कालेज भरवारी, करारी इण्टर कालेज तथा गया प्रसाद केसरवानी मेमोरियल इण्टर कालेज मूरतगंज का निरीक्षण कर जायजा लिया जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान कालेजों में स्थापित कन्ट्रोल रूम को देखा तथा सम्बन्धित अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने एवं नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के निर्देश दिये

बोर्ड परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम एसपी

भवंस मेहता में सख्ती के चलते 17 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

भरवारी कौशांबी। भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज के बीएएलएलबी एलएलबी एमए के संस्थागत और व्यक्तिगत छात्रों की परीक्षाएं दो पाली में संचालित हो रही हैं भवंस मेहता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रबोध श्रीवास्तव द्वारा नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने का प्रयास किया जा रहा है जिससे विद्यालय में परीक्षा देने वाले 17 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी है प्राचार्य प्रबोध श्रीवास्तव ने बताया कि नकल विहीन पारदर्शी तरीके से परीक्षा संपन्न कराने के लिए प्रत्येक कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराई जाएगी।

लोकसभा में सांसद ने उठाया कौशाम्बी को डिफेन्स कारिडोर से जोड़ने का मुद्दा

कौशाम्बी। सांसद विनोद सोनकर ने बजट सत्र के दौरान लोकसभा में वाणिज्य एवं उद्योग व्यापार मंत्रालय भारत सरकार से मांग करतें हुये उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चार सौ विलियन का निर्यात करके देश आत्मनिर्भरता की ओर लगातार बढ़ रहा है। भारत सरकार के द्वारा इण्डिस्ट्री कारिडोर की शुरूआत करके 7 दिसम्बर 2016 व मेक इन इण्डिया के कार्यक्रम को बढ़ावा देकर जिस प्रकार से आज चाइना से निर्भरता कम हुई है, जैसे पूर्व में होता था त्योहार हमारे होते थे लेकिन त्योहारों में उपयोग किये जाने वाले समान चाइना के होते थे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आत्म निर्भरता बढ़ रही है। देश युवा आईटी क्षेत्र में व स्टार्टअप के माध्यम से देश व दुनिया में योगान दे रहें है। भारत सरकार द्वारा स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिये दस हजार करोंड़ का सहयोग किया गया। 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले से घोषणा किये थे कि अनुसूचित जाति व जनजाति के युवा व महिलाओं को रोजगार मांगने वाला नही रोजगार देने वाला बनाया जाये लेकिन उसमें कुछ बाधायें हैं जिनको सदन के माध्यम से सम्बन्धित मंत्रालय द्वारा दूर किये जाने का अनुरोध किया। साथ ही उत्तर प्रदेश आयुध कारिडोर का निर्माण प्रस्तावित है। जिसमें प्रथम फेज में अलीगढ़, आगरा, झाँसी तक किया गया है। दूसरे फेज में चित्रकूट, कानपुर, लखनऊ प्रस्तावित है। जबकि चित्रकूट से लगा हुआ मेरी लोकसभा कौशाम्बी है तथा कौशाम्बी से ही लगा हुआ प्रयागराज है, जहा पर लाखों हेक्टेयर भूमि आरक्षित पड़ी हुई है। यदि हम डिफेन्स कारिडोर को वहॉ तक जोड़ देते है तो निश्चित रूप से लाखों लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की सम्भावना है। उन्होने सदन के माध्यम से भारत सरकार से कौशाम्बी को डिफेन्स कारिडोर से जोड़े जाने की मांग किया। उक्त आशय की जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी राजेन्द्र पाण्डेय ने दी।

चेकिंग के दौरान कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद मे लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया, जिनमें 110 वाहनों का ई चालान किया गया एवं 03 वाहनों का चालान कर 1500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया साथ ही बिना मास्क लगाये घूमने एवं सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 01 व्यक्ति से 100 रुपये जुमार्ना वसूला गया।

प्रधानाचार्य पर अभद्रता के आरोप की शिकायत

कौशांबी। नेवादा विकासखंड के कटैनी बसुहार प्राथमिक और जूनियर विद्यालय के प्रधानाचार्य कलावती पर स्कूल के छात्रों और अभिभावकों से अभद्रता गाली गलौज का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिकायत कर प्रधानाचार्य पर कार्यवाही की मांग की है।

जफर आलम हत्या कांड के बाद मीरपुर गांव की गलियों में पसरा सन्नाटा

शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव में जफर आलम हत्या कांड के बाद मीरपुर गांव की गलियों में सन्नाटा पसरा हुआ है। बीते कुछ दिन पहले असरौली गांव से आकर मीरपुर गांव में दहशत फैलाने के इरादे से अवैध तमंचे से फायर कर देने के बाद युवती के प्रेमी को ग्रामीणों ने दिन दहाड़े लाठी - डंडों से पीट - पीटकर हत्या कर दी। हत्या के मामले में ग्राम प्रधान एवं प्रधान पुत्र सहित पांच लोग नामजद किए गए हैं और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ पिपरी थाना में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की धरपकड़ एवं विवेचात्मक कार्यवाही की जा रही है। दिन - दहाड़े हत्या हो जाने के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल बना हुआ है। पहले जैसी अब सामान्य स्थिति ना होने के कारण मीरपुर गांव के लोगों का अपने घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है और

हत्या के बाद गांव में पसरा सन्नाटा

दहशत के साए में जिंदगी जीने को मजबूर हैं। मीरपुर गांव की गलियां एवं चौराहा सुनसान बीरान सी हो गई है और सभी दुकानें दिनभर बंद रहती हैं। फिर से कोई अप्रिय घटना ना घटे इसलिए शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए शासन द्वारा स्थानीय पुलिस एवं पीएसी बल के जवान मीरपुर गांव में तैनात किए गए हैं। स्थानीय लोगों की माने तो मीरपुर गांव के अधिकतर लोग गांव छोड़कर अपने रिश्तेदार एवं नातेदार के यहां शरण ले चुके हैं।

अस्पताल परिसर में लगा दो हैंडपंप नहीं उगल रहा पानी!

कौशांबी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के बैश कांटी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और राजकीय महिला चिकित्सालय परिसर में अगल बगल में दो हैंडपंप लगाए गए हैं इस हैंडपंप को तीन बार रिबोर भी कराया जा चुका है लेकिन दोनों हैंडपंप एक बूंद पानी नहीं दे रहे हैं जिससे अस्पताल के कर्मियों और मरीजों को अस्पताल में बूंद बूंद पानी के लिए अस्पताल में तड़पना पड़ता है यह अस्पताल गांव से दूर बना हुआ है जिससे अस्पताल पहुंचने के बाद मरीज उनके परिजन और स्वास्थ्य कर्मी प्यास से तड़पते रहते हैं अस्पताल परिसर में पानी का कोई अन्य संसाधन नहीं मौजूद है तपन भरी गर्मी के चलते अस्पताल पहुंचने वाले लोग प्यास से व्याकुल दिखाई पड़ते हैं कई बार लोगों ने हैंडपंप को फिर से रिबोर कराए जाने की मांग की लेकिन कुछ समय पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा हैंडपंप को डिबोर कराया गया था जिससे जल्दबाजी में दोबारा हैंडपंप रिबोर कराने में पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान की करतूत का खुलासा हो जाएगा इसलिए दोबारा हैंडपंप का रिबोर कराए जाने से पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान किनारा कर रहे हैं जिसका खामियाजा मरीज और स्वास्थ्य कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है पूर्व में हैंडपंप के रिबोर के नाम पर हेराफेरी फजीर्वाड़ा करने वाले पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान के कारनामे पर यदि आला अधिकारियों ने जांच कराई तो भ्रष्टाचार की एक कलई और खुलना तय है लेकिन क्या हैंडपंप रिबोर के नाम पर फजीर्वाड़े की निष्पक्ष जांच हो पाएगी यह बड़ा सवाल है।

खाँसी का सिरप कोरेक्स व टेबलेट बना नशेड़ियों का मुख्य नशा

अखंड भारत संदेश

नवयुवक हो रहे है बर्बाद
आए दिन नशेड़ियों में होती है मार पीट खून खराबा
पुलिस को सभी मामलों की है जानकारी पुलिस कर रही है किसी बड़ी घटना घटने की प्रतीक्षा मोहल्ले वासियो में है दहशत व्याप्त

भरवारी कौशाम्बी। कोखराज थाना अंतर्गत चौकी भरवारी क्षेत्र के खल्लाबाद मोहल्ले के नवयुवको में नशा करने की होड़ लगी हुई है वही नाश के शौकीनों में नशा के लिए खाँसी का कोरेक्स सिरप व टेबलेट लेने से नशा सर चढ़कर बोलता है जिसके चलते तमाम लोगो के घर बर्बाद होते नजर आ रहे है वही नशा करने के लिए नवयुवक अपने घरों के जेवर व घर के बहुमूल्य सामानों को बेचकर नशा करने के लिए मजबूर है इतना ही नही नशा हो जाने के बाद सभ्य समाज मे रहने वालों को भी युवक अपना निशाना बनाते हुए उनको भद्दी भद्दी गालियां व मारपीट तक किया करते है। सुबह दस बजे से रात्रि के बारह बजे तक प्रतिदिन के नियम से नशेड़ियों का जमघट व खुलेआम नशा किया जाता है जिसकी जानकारी लोगो द्वारा पुलिस को दी जाती है उसके बाबजूद पुलिस अनभिज्ञ बनी हुई है जिससे मोहल्ले वासियो में दहशत का माहौल है यदि समय रहते पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की तो किसी दिन बड़ी घटना घट सकती है लोगो ने बताया कि हद तो तब पार हो गई जब होली के दिन एक नसेड़ी ने थाना कोखराज व चौकी भरवारी पुलिस के सामने पुलिस को ही भद्दी भद्दी गालियां दे डाली जिसपर पुलिस मूकदर्शक बनी देखती रही ऐसे में पुलिस नशेड़ियों के प्रति क्या कठोर कार्यवाही करेगी मोहल्ले वासियो ने कहा कि यदि यथा शीघ्र नशेड़ियों व मजनुओं के ऊपर पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की तो हम लोग पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के पास अपनी फरियाद लेकर जायगे सब मिलकर मोहल्ले वासियो में जबरजस्त आक्रोश के साथ साथ दहशत का माहौल है वही मोहल्ले वासियो ने मेडिकल स्टोर वालो के यहा भी दबिश डालकर अत्याधिक स्टॉक रखने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है।

3 लोगों के वेतन पर एक प्राइवेट कर्मी दे रही ड्यूटी

कौशांबी। स्वास्थ्य विभाग का भी खेल निराला है सरकार से वेतन मिलने के बाद भी स्वास्थ्य कर्मी ड्यूटी नहीं देना चाहते हैं बल्कि खुद वेतन लेने के बाद वह दूसरे प्राइवेट कर्मी की नियुक्ति कर मौज मस्ती करते हैं आला अधिकारी मूकदर्शक बनकर तमाशबीन रहते हैं ताजा मामला नवोदय विद्यालय टेवा में कोविड-19 जांच और टीकाकरण से जुड़ा हुआ है नवोदय विद्यालय में कोविड 19 टीका करण और जांच में एएनएम अनुप्रिया पटेल एएनएम दीपा राठी और नीलम रानी की एक-एक दिन ड्यूटी लगाई गई है लेकिन तीनों एएनएम ड्यूटी पर नहीं पहुंच रही हैं बल्कि इन तीनों के अतिरिक्त एक प्राइवेट कर्मी सावित्री मौके पर कोविड-19 की जांच कर रही है अब सवाल उठता है कि जब सरकार तीन एएनएम की तैनाती कर उन्हें वेतन दे रही है और बदले में वह एक कर्मी से कार्य चाहती है लेकिन वेतन लेने वाली एएनएम मौज कर रही है 3 एएनएम की ड्यूटी के बदले एक महिला से कार्य लिया जा रहा है इस मामले में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक की भी भूमिका सवालों के घेरे में है मामले मैं जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी से बात की गई तो दोषी तीनों एएनएम का उन्होंने वेतन रोकने का निर्देश दिया है।

माता ने लगाया ससुराली जनों पर हत्या कर शव ठिकाने लगाने का आरोप

कहीं अपनों ने तो नहीं कर दी थी युवक की हत्या, अझुवा क्षेत्र में मिले युवक के शव की हुई शिनाख्त

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशांबी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग अझुवा के ससुर खदेरी नदी पुल के पास मंगलवार को सुबह मिले अज्ञात शव की पहचान रामकिशन पुत्र हरिश्चंद्र निवासी ककराहाई थाना सराय अकिल के रूप में हुई है शव की शिनाख्त उसकी पत्नी माधुरी देवी उर्फ पिंकी ने कर ली है मृतक रामकिशन उर्फ राजा मूल रूप से बनारस के मोहनसराय का रहने वाला है सराय अकिल थाना क्षेत्र के ककराहाई में मृतक रामकिशन की ससुराल है अपनी ससुराल में 10 वर्षों पूर्व रामकिशन पत्नी और बच्चों के साथ रहने लगा था रोजी रोटी के चक्कर में रामकिशन इलाहाबाद शहर के स्टील फर्नीचर की दुकान में काम करता था जिससे उसका ससुराल आना जाना कम होता था लोगों की माने तो ससुराल कम आने जाने से उसकी पत्नी से उसकी दूरी बनती जा रही थी मृतक रामकिशन की 70 वर्षीय माता दूली रानी का कहना है कि 21 मार्च को बेटे से बात भी हुई थी मृतक की माता ने ससुराली जनों पर हत्या कर लाश ठिकाने लगाए जाने की आशंका जताई है।

युवक की लाश पहुंचने पर घर पर लगी भीड़

संपादकीय

आप का बढ़ता कद भाजपा के लिये खतरे की घंटी

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के बाद पंजाब में प्रचण्ड जीत का कीर्तिमान स्थापित कर राजनीति का गणित ही बदल दिया। उसने राजनीति की एक नयी परिभाषा एवं मानक गढ़ते हुए पंजाब में कांग्रेस को बुरी तरह रौदा। 117 में 90 सीटों पर कब्जा किया है। पंजाब में आप से करारी हार भले ही कांग्रेस को मिली हो, लेकिन यह भारतीय जनता पार्टी के लिये बड़ा चिन्ता का कारण बनना चाहिए। क्योंकि यह जीत एक चुनौती है। उधर देश की जनता ने इस बार पंजाब के विधानसभा चुनाव में जो जनादेश दिया है उसको सब अलग-अलग रूप में देख रहे हैं। समीक्षक अपने-अपने चश्मे के अनुसार विश्लेषण कर रहे हैं। पर एक बात स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आई है कि देश की जनता की कमजोर नब्ज को अरविन्द केजरीवाल ने कसकर पकड़ लिया है, मुफ्त बिजली और पानी आदि की उनकी घोषणाओं ने भूचाल ला दिया है। आप भाजपा के लिए भविष्य में चुनौती बनती नजर रही है। क्योंकि, जिस प्रकार उसकी चुनावी सफलता की गति तेज और तीक्ष्ण होती जा रही है, उससे तो यही लगता है बस, अब कुछ दिनों की बात है। देश में यदि भाजपा सतर्क नहीं हुई तो आम आदमी पार्टी को केंद्रीय सत्ता के करीब आने से रोक पाना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन हो जाएगा। भाजपा यह कहकर की पंजाब तो पहले भी हमारा नहीं था, इस बार भी नहीं हुआ, लेकिन आप जैसी नई पार्टी जब इतनी अधिक सीटों से जीत हासिल कर सकती है तो भाजपा क्यों नहीं? यह भाजपा के लिये आत्म-चिन्तन का विषय है। कांग्रेस ने तो अपना सूपड़ा साफ कराने की ठान ही रखी है, अतः उसकी इस शर्मनाक हार से वह क्या सबक लेगी? सबसे पुरानी और देश पर सर्वाधिक समय शासन करने वाली सबसे सशक्त माने जाने वाली कांग्रेस इस चुनाव में बहुत पिछड़ गई है, उसके दुबारा खड़े होने की संभावनाएं भी धुंधली होती जा रही है। कांग्रेस अपने गठन के बाद से अब तक कई बार टूटी, बिखरी, हारी लेकिन हर बार अधिक तेजस्वी एवं ताकतवर बनकर उभरी, देश में अपना राजनीतिक वजूद कायम रखती रही है। लेकिन नरेन्द्र मोदी ने जब से कांग्रेस मुक्त भारत का नारा दिया है, उसका वर्चस्व एवं स्वीकार्यता लगातार गिरती जा रही है। ऐसा क्यों हुआ? क्या और कहां कमियां रहीं? इन पर मंथन के लिए कांग्रेस कार्यसमिति की पिछले दिनों की बैठक में तरह-तरह के मुद्दों पर विमर्श हुआ और इस चुनाव में हार तथा उसके गिरते प्रदर्शन के महत्वपूर्ण कारणों का पता लगाने का प्रयास किया गया। उसका यह विचार-मंथन व्यर्थ है, क्योंकि इस और पूर्व की हार एवं कमजोर प्रदर्शन का एकमात्र कारण गांधी परिवार एवं राहुल गांधी है। जी 23 ग्रुप के तीव्र विरोध एवं हमलों के बावजूद गांधी परिवार के चाटुकार शीर्ष नेताओं ने राहुल को हार का कारण मानने से सिरे से खारिज कर दिया। हालांकि, स्वयं सोनिया गांधी ने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में प्रस्ताव रखा था कि यदि पार्टी को ऐसा लगता है तो वह खुद दोनों संतानों- राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ पार्टी पद से हटने के लिए हमेशा तैयार हैं। आप का देशव्यापी बढ़ता वर्चस्व लोकतांत्रिक दृष्टि से उपयोगी एवं प्रासंगिक है। लेकिन किसी भी राजनीतिक दल का एक तरफा वर्चस्व लोकतंत्र के लिये उचित नहीं माना जा सकता है। उन्नत एवं आदर्श लोकतंत्र वही माना जाता है जो संकीर्ण एवं सीमित दायरों में नहीं बंधता।

जी-23: सत्ता से वनवास है असल समस्या

तनवीर जाफरी

देश इस समय सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के साथ साथ झूठ और दुष्प्रचार के दुर्भाग्यपूर्ण दौर से गुजर रहा है। मीडिया सहित अनेक सरकारी संस्थायें सत्ता के समक्ष दण्डवत हैं। अपने विपक्षियों को डरा धमकाकर या लालच देकर उन्हें या तो अपने पक्ष में किया जा रहा है या खामोश किया जा रहा है। कांग्रेस इस समय एक ऐसे अभूतपूर्व चुनौती काल से गुजर रही है जिसमें पूरी कांग्रेस को एक मुट्ठी की तरह एकजुट होने तथा अपने कुंबे का विस्तार करने की जरुरत है न कि पार्टी छोड़ने के लिये नये नये बहाने तलाशने की। कांग्रेस में आज भी गाँधी नेहरू परिवार के सिवा भीड़ इकट्ठी करने वाला कोई नेता नहीं है। परन्तु जिन्हें सत्ता हासिल करने की जल्दी है उन्हें नित नये बहाने तलाशने से भी कोई रोक नहीं सकता। हकीकत तो यही है कि नेहरू गाँधी परिवार का नेतृत्व नहीं बल्कि सत्ता से वनवास है बगावती सुर बुलंद करने वाले नेताओं की असल समस्या

पिछले दिनों देश के पांच राज्यों में हुये विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के अनअपेक्षित प्रदर्शन के बाद पार्टी में घमासान मचा हुआ है। साफ शब्दों में कहा जाये तो जिन 'पैराशूट ' नेताओं ने सारी जिंदिगी नेहरू-गाँधी परिवार के नेतृत्व उनकी लोकप्रियता तथा उनके राष्ट्रीय जनाधार की बदौलत सत्ता सुख भोगा उन्हीं में से अनेक नेता कांग्रेस की सत्ता में यथाशीघ्र वापसी न होती देख अब उसी नेहरू-गाँधीपरिवार के नेतृत्व पर सवाल उठाने लगे हैं। वे यह भूल जाते हैं कि देश की वर्तमान साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति,झूठ व लांछन के दौर ने कांग्रेस की धर्मनिरपेक्ष व गांधीवादी राजनीति को ही हाशिये पर डाल दिया है। परन्तु जिन नेताओं को शीघ्र सत्ता चाहिये वे कांग्रेस के सिद्धांतों की तिलांजलि देकर किसी न किसी बहाने से या तो पार्टी छोड़ कर सत्ताधारी पार्टी में समाहित हो चुके हैं या नेतृत्व के विरुद्ध मुखर होकर पार्टी छोड़ने के बहाने तलाश रहे हैं। जहाँ तक नेहरू गाँधी परिवार द्वारा लिये गये कुछ ऐसे फैसलों का प्रश्न है जिनसे कथित रूप से कांग्रेस को अतीत में नुक़्सान होता रहा है उदाहरण के तौर पर नवज्योत सिंह सिद्धू को पंजाब प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया जाना अथवा कैप्टेन अमरेंद्र सिंह को मुख्य मंत्री पद से मुक्त करने का फैसला देर से लेना आदि तो इस तरह के फैसले भी सोनिया अथवा राहुल गाँधी द्वारा अकेले नहीं लिये गये। इस परिवार में शीर्ष पर हमेशा कोई कोई न कोई सलाहकार रहे हैं जिनकी सलाह व कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के सलाह मशविरे से ही ऐसे कदम उठाये जाते हैं। परन्तु जब पंजाब की जनता ने ही राज्य में तीसरी राजनैतिक शक्ति के रूप में भरपूर समर्थन देने का मन ही बना लिया हो तो उसमें पार्टी नेतृत्व कर ही क्या सकता है? जी 23 कहे जाने वाले नेताओं के गुट में सबसे मुखर नाम गुलाम नबी आजाद का है। कांग्रेस में शुरू से ही इन्हें बिना जनाधार वाला परन्तु गाँधी नेहरू परिवार का वफादार नेता समझा जाता रहा है। कहना गलत नहीं होगा कि यह उस समय भी राजीव गाँधी के खास सलाहकारों में गिने जाते थे जब बोफोर्स के झूठे आरोपों का सामना कर रहे अमिताभ बच्चन द्वारा इलाहबाद संसदीय सीट से त्याग पत्र दिया था। और उसके बाद हुए उपचुनाव में वी पी सिंह के विरुद्ध पुनः अमिताभ बच्चन को बोफोर्स की चुनौती स्वीकार करने हेतु पार्टी प्रत्याशी के रूप में खड़ा करने की इलाहाबद की जनता की अकांक्षाओं के विरुद्ध सुनील शास्त्री जैसे कमजोर उम्मीदवार को खड़ा किया गया। यह इन्हीं सलाहकारों द्वारा लिया गया एक ऐसा गलत फैसला था जिसके परिणाम स्वरूप देश में गठबंधन सरकारों का दौर चला। तभी से देश में अनेक क्षेत्रीय राजनैतिक दल बने और कांग्रेस के वोट अनेक क्षेत्रीय दलों में समाहित हो गये। आज वही 'सलाहकार ' नेतृत्व पर प्रवचन दे रहे हैं ? उधर देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में जहां कांग्रेस पार्टी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही थी, प्रियंका गाँधी की मेहनत,उनके जुझारूपन व पूर्णकालिक सक्रियता की वजह से वहां कांग्रेस चर्चा में आई। राज्य में नये सिरे से संगठन खड़ा हुआ, लोगों में कांग्रेस से उम्मीदें जगीं। परन्तु अपेक्षित सीटें न मिल पाने के लिये नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराने के बजाये संगठन की खामियों को देखना चाहिये और यह काम दूसरी व तीसरी पंक्ति के नेताओं का है कि वे प्रियंका गाँधी द्वारा बनाये गये सकारात्मक वातावरण को वोट में बदलने के लिये समर्पित व जिम्मेदार कार्यकताओं का नेटवर्क स्थापित करें और उनसे उनके सामर्थ्य के अनुसार बूथ स्तर तक यथा उचित काम लें। इस पूरे प्रकरण में सबसे घटिया बयान दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित की ओर से आया। उनका मत है कि गाँधी परिवार ही नहीं बल्कि 90 प्रतिशत कांग्रेस प्रभारियों को भी कांग्रेस से बाहर का रास्ता दिखाना चाहिये। आप फरमाते हैं कि कांग्रेस कार्यसमिति 'येस मैन' ग्रुप बनकर रह गया है। इसलिये चमचे भले ही गाँधी परिवार के खिलाफ सवाल न उठायें परन्तु बाकी लोग तो उठाएंगे ही ? दरअसल संदीप दीक्षित जैसे नेता पुत्रों को ही आगे ला कर कांग्रेस का बेड़ा गर्क हो रहा है। दिल्ली के पिछले तीन विधान सभा चुनावों में संदीप दीक्षित ने अपने नेतृत्व का क्या करिश्मा दिखाया ? उनके पास शीला दीक्षित का पुत्र होने के अतिरिक्त और दूसरी योग्यता ही क्या है। परन्तु सत्ता से दूर रहने की बेचैनी में 'सूप तो सूप छलनी भी बोलने लगी हैं'? नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में जितनी सशक्त व मुखर विरोध की भूमिका राहुल गाँधी व प्रियंका गांधी ने निभाई है इतना मुखर विरोध करते देश का कोई नेता नहीं दिखाई दिया। कई बार इनके विरोध ने सत्ता को बैकफुट पर जाने के लिये भी मजबूर किया है। हम दो हमारे दो का कटाक्ष हो या चौकीदार पर प्रहार,राफेल सौदे का विरोध हो या पेगासेस का प्रबल विरोध, ऐसे तमाम मुद्दों को संसद से सड़क तक अपनी पूरी क्षमता व सामर्थ्य के अनुसार राहुल गाँधी ने उठाया है। पिछले चुनाव में मोदी और उनके कई नेताओं ने जनता से 'नमक' के बदले वोट माँगा जिसपर प्रियंका गाँधी ने ऐसी झाड़ लगाई कि मोदी फौरन बैकफुट पर आ गये और चुनावी सभा में यह बोलते नजर आये कि 'नमक आपने नहीं नमक तो आपका मैंने खाया है'। यह साहस और हिम्मत केवल इसी परिवार के सदस्यों में देखा जा सकता है। इन्हें कोई पद्मश्री या पद्म भूषण अथवा मंत्री या मुख्यमंत्री का पद कांग्रेस व उसके सिद्धांतों से विमुख नहीं कर सकता।

देश इस समय सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के साथ साथ झूठ और दुष्प्रचार के दुर्भाग्यपूर्ण दौर से गुजर रहा है। मीडिया सहित अनेक सरकारी संस्थायें सत्ता के समक्ष दण्डवत हैं। अपने विपक्षियों को डरा धमकाकर या लालच देकर उन्हें या तो अपने पक्ष में किया जा रहा है या खामोश किया जा रहा है। कांग्रेस इस समय एक ऐसे अभूतपूर्व चुनौती काल से गुजर रही है जिसमें पूरी कांग्रेस को एक मुट्ठी की तरह एकजुट होने तथा अपने कुंबे का विस्तार करने की जरुरत है न कि पार्टी छोड़ने के लिये नये नये बहाने तलाशने की। कांग्रेस में आज भी गाँधी नेहरू परिवार के सिवा भीड़ इकट्ठी करने वाला कोई नेता नहीं है। परन्तु जिन्हें सत्ता हासिल करने की जल्दी है उन्हें नित नये बहाने तलाशने से भी कोई रोक नहीं सकता। हकीकत तो यही है कि नेहरू गाँधी परिवार का नेतृत्व नहीं बल्कि सत्ता से वनवास है बगावती सुर बुलंद करने वाले नेताओं की असल समस्या।

हिंसा के चरम पर पश्चिम बंगाल

प्रमोद भार्गव

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक और सामाजिक हिंसा की जड़ें अत्यंत गहरी हैं। कांग्रेस, वामपंथी या तृणमूल, सत्ता किसी की रही हो, इन दलों की राजनीतिक संस्कृति हिंसा का ही पर्याय रही है। बीते साल हुए विधानसभा चुनाव में और इसके पहले पंचायत चुनाव में खूब हिंसा की वारदातें देखने में आती रही हैं। बीरभूम जिले के रामपुरहाट में तृणमूल कांग्रेस के एक नेता भादू शेख की हत्या के बाद करीब एक सैंकड़ा बाइक सवार हथियारबंद आततायी रामपुरहाट पहुंचे और घरों के दरवाजे बाहर से बंद कर आग लगा दी, जिसमें दस लोग जिंदा जलकर राख हो गए। जब राज्य सरकार उचित कानूनी कार्रवाई करते नहीं दिखी तब कलकत्ता हाईकोर्ट ने कठोर रुख अपनाते हुए मामले को स्व-संज्ञान में लिया और चौबीस घंटे में घटना की रिपोर्ट मांगी। साथ ही अग्निकांड में घायल एक नाबालिग सहित अन्य घायलों की सुरक्षा तय करने की हिदायत दी, ताकि इन चश्मदीद गवाहों के बयान दर्ज किए जा सकें। उपचार, सुरक्षा और मृतकों के शवों के वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। चूंकि निर्दोष महिला और बच्चे भी इस नरसंहार में मारे गए हैं, लिहाजा राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय बाल अधिकार संगठन आयोग भी सक्रिय हुए और पुलिस से कानूनी कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए राज्य सरकार को हर प्रकार की मदद देने का भरोसा दिया है। यह नरसंहार इतना वीभत्स था कि बंगाल के महाअधिवक्ता एनएस मुखर्जी को न्यायालय में कहना पड़ा कि ह्यऐसी दुर्लभतम घटना पर मैं राज्य का नागरिक होने पर शर्मिंदा हूं। अतएव मैं उस गांव का निवासी होता तो कुछ दिनों के लिए पलायन कर जाता।ह्य हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों का कहना है कि रामपुर हाट के तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष अनारूल हुसैन के उकसाने पर इस वारदात को अंजाम दिया गया है। पीड़ित और हत्यारों के नाम उजागर होने पर भाजपा की बंगाल राज्य सचिव लॉकेट चटर्जी ने कहा है ह्यअब बंगाल कश्मीर की राह पर चल रहा है। यदि यही हालात रहे तो बंगाल कश्मीर में बदल जाएगा। अतएव इस मामले की सीबीआई और एनआईए से जांच अनिवार्य है।ह्य भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार की मानें तो इस राज्य में एक सप्ताह के भीतर 26 लोगों की हत्याएं हुई हैं, जिनमें राजनेता भी शामिल हैं। साफ है, बीरभूम की घटना और अन्य घटनाओं की पृष्ठभूमि में राजनीतिक एवं सांप्रदायिक संघर्ष अंतरनिर्हित है। दरअसल यह घटना विधानसभा के चुनाव के समय और उसके बाद हुई हिंसक घटनाओं की कड़ी का ही एक हिस्सा है। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद भी प्रदेश में जगह-जगह हिंसा भड़की थी, जिनमें 16 लोग मारे गए थे। इसलिए यह आशंका भी जताई जा रही है कि हिंसा की यह इबारत चुनावी प्रतिक्रिया स्वरूप लिखी गई है। यह असहिष्णुता पंचायत, निकाय, विधानसभा और लोकसभा चुनावों में एक स्थाई चरित्र के रूप में मौजूद रहती है। विडंबना ही कहा जाएगा कि जब हिंसा और अराजकता के लिए बदनाम राज्य बिहार और उत्तर प्रदेश इस हिंसा से मुक्त हो रहे हैं, तब बंगाल और केरल में यह हिंसा बेलगाम होकर सांप्रदायिक रूप में दिखाई दे रही है। याद रहे इसी कड़ी में भाजपा विधायक देवेंद्रनाथ की हत्या कर लाश सार्वजनिक स्थल पर टांग दी गई थी। देवेंद्रनाथ माकपा से भाजपा में शामिल हुए थे। बंगाल में वामदल अर्से से खूनी हिंसा के पर्याय बने हुए हैं। इन हिंसक वारदातों से पता चलता है कि बंगाल पुलिस तृणमूल कांग्रेस की कठपुतली बनी हुई है। दरअसल बंगाल ने हिंसा को राजनीतिक-सांस्कृतिक परंपरा मान लिया है। यह हिंसा राष्ट्रवादी क्रांतिकारियों ने जहां अंग्रेजों से मुक्ति के लिए अंजाम तक पहुंचाई वहीं चारू मजूमदार और कानून सान्याल जैसे नक्सलवादियों ने इसे सामतामूलक हितों के लिए अपनाया था, किंतु बाद में यह आर्थिक हित साधने और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से जुड़ गई। देश में हिंसा भड़काने के लिए नक्सलवादियों को बांग्लादेश और चीन से धन व हथियारों की मदद मिलती रही है। पश्चिम बंगाल में जब बांग्लादेशी मुस्लिमों की घुसपैठ बढ़ गई और इनका कांग्रेस, वामपंथ और तृणमूल कार्यकताओं के रूप में राजनीतिकरण हो गया, तब ये राजनीतिक गुटों की शत्रुता को सांप्रदायिक हिंसा में बदलने लग गए। जहां-जहां इन घुसपैठियों का संख्या बल बढ़ता गया, वहां-वहां इन्होंने स्थानीय मूल हिंदू बंगालियों की संपत्ति हड़पकर उन्हें बेदखल करना शुरू कर दिया।

अभिव्यक्ति

पंजाब में 'आप' के 'मान' के लिये सत्ता कितनी आसान ?

तनवीर

देश के सबसे नवोदित राजनैतिक दल 'आम आदमी पार्टी ' ने राजधानी दिल्ली की राज्य की सत्ता पर कब्जा जमाने के बाद अब देश के सबसे समृद्ध व संपन्न समझे जाने वाले राज्य पंजाब के विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर देश के राजनैतिक पंडितों को हैरत में डाल दिया है। आश्चर्य की बात तो यह है कि 'आप ' ने अपने चुनाव निशान के नाम व काम को सार्थक करने वाले 'झाड़ू फेरने ' के मुहावरे को जिस तरह पूर्व में दिल्ली के चुनावों में साकार किया था अपने विरोधियों पर लगभग उसी तरह की 'झाड़ू फेरने ' वाली जीत पंजाब में भी दर्ज की है।गौरतलब है कि 'आम आदमी पार्टी ' ने 2015 में दिल्ली की कुल 70 विधानसभा सीटों के विधानसभा चुनाव में 54.34 प्रतिशत मत हासिल करते हुये 67 सीटें जीत कर कांग्रेस व भाजपा जैसे राष्ट्रीय दलों को जोरदार झटका दिया था। इस चुनाव में भाजपा मात्र 3 सीटें ही जीत सकी थी जबकि कांग्रेस पार्टी के तो 63 प्रत्याशियों की जमानत भी जब्त हो गयी थी। उसी तरह 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें हासिल की थीं जबकि भारतीय जनता पार्टी को केवल 8 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। 2020 में भी दिल्ली में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत सकी थी। 2015 व 2020 के चिनवों में स्वयं प्रदानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दिल्ली में हैलीकॉप्टर से घूम घूम कई जनसभाएं की थीं। लगभग दिल्ली जैसा प्रदर्शन पंजाब में भी दोहराते हुये आम आदमी पार्टी ने यहाँ भी अन्य सभी राष्ट्रीय व क्षेत्रीय दलों के अरमानों पर पूरी तरह से 'झाड़ू फेरते' हुये पंजाब विधान सभा की कुल 117 सीटों में से 92 सीटें पर अपनी विजय पताका फहराई है। सत्ता में रही कांग्रेस पार्टी को मात्र 18 सीटों पर जीत हासिल हुई जबकि राज्य में शासन करने वाले एक और प्रमुख राजनैतिक दल अकाली दल को मात्र 4 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है। आप ने राज्य के सभी वर्तमान-निवर्तमान मुख्य व उप मुख्य मंत्रियों व दिग्गजों को भी बुरी तरह पराजित कर दिया है। आम आदमी पार्टी ने इस चुनाव में अपने मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में पार्टी के दो बार सांसद रह चुके भगवंत मान को पेश किया था। भगवंत मान ने हालांकि आम आदमी पार्टी से अपने जीवन के राजनैतिक सफर की शुरूआत तो जरूर की है परन्तु राजनीति में पदार्पण से पूर्व भी वे पंजाब ही नहीं बल्कि एक विश्वस्तरीय हास्य कलाकार (कॉमेडियन) के रूप में अपनी पहचान बनाये हुये थे तथा एक सेलेब्रेटी के रूप में ही जाने जाते थे। उधर सांसद चुने जाने के बाद लोकसभा में आप का प्रतिनिधित्व करते हुये उन्हें जितनी बार भी लोकसभा में बोलने का मौका मिला उन्होंने अपने काव्य शैली के चुटीले अंदाज में कई बार व्यंग्य पूर्ण कवितायें सुनाकर न केवल सत्ता पर प्रहार किये बल्कि देश को अपनी फिक्र व विचारधारा से भी अवगत कराया। मान अपने सांसद काल के दौरान न केवल अपने संसदीय क्षेत्र में जमीनी स्तर पर जनसमस्यों के समाधान करने को लेकर सक्रिय रहे बल्कि इस दौरान उन्होंने पूरे पंजाब का दौरा कर संगठन को भी राज्य स्तर पर मजबूती प्रदान की। अब आम आदमी पार्टी के पक्ष में पंजाब में चली इस सुनामी को चाहे इस ढंग से परिभाषित किया जाये कि यह आप द्वारा मतदाताओं के लिये खोले गये 'मुफ़्त के पिटारे ' का कमाल है अथवा यह कहा जाये कि राज्य की जनता कांग्रेस व शिरोमणि अकाली दल (बादल) की पारंपरिक राजनीति से ऊब चुकी थी,अथवा आप को मिला प्रचंड बहुमत पंजाब को नशा मुक्त कराने के आप विशेषकर भगवंत मान के वादों पर विश्वास करने का नतीजा है ? या फिर इसे अरविन्द केजरीवाल के दिल्ली शासन से प्रभावित होकर पंजाब के मतदाताओं द्वारा लिया गया अभूतपूर्व निर्णय माना जाये।अथवा शिक्षा,स्वास्थ्य,विकास,रोजगार गोया सुशासन के लिए दिया गया जनादेश ? अथवा इसे उपरोक्त सभी परिस्थितियों का मिला जुला परिणाम कहा जाये परन्तु निश्चित रूप से मात्र आठ वर्ष पहले जन्मी पार्टी के हाथों एक समृद्ध व संवेदनशील कृषि प्रमुख राज्य की सत्ता सौंप कर पंजाब वासियों ने आम आदमी पार्टी से काफी उम्मीदें जरूर लगा रखी हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति का माध्यम बने अहिंसा यात्रा

ललित गर्ग

रूस-यूक्रेन युद्ध को चलते हुए लगभग एक माह होने जा रहा है। रूस वांछित नतीजा हासिल नहीं कर पाया है। जैसे-जैसे समय बीत रहा है, अधिक विनाश एवं विध्वंस की संभावनाएं बढ़ती जा रही है। यूक्रेन और रूस में शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये भारत को शांति प्रयास करने चाहिए। एकमात्र भारत ही ऐसा देश है जो अपने आध्यात्मिक तेज एवं अहिंसा की शक्ति से मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति दे सकता। इन दोनों देशों को युद्ध विराम के लिये राजी करके विश्व को निर्भय बना सकता है। इन युद्ध एवं हिंसा के वातावरण में अहिंसा यात्रा एवं उसके प्रणेता आचार्य श्री महाश्रमण का सन्देश कारगर हो सकता है। क्योंकि राष्ट्रसंत आचार्य श्री महाश्रमण कीर्तिधर यायावर संतपुरुष हैं, जिन्होंने अपनी अहिंसा यात्रा के माध्यम से न केवल सम्पूर्ण भारत की बल्कि पडौसी देश नेपाल, भूटान की पदयात्रा की है और अहिंसा एवं अयुद्ध का प्रभावी वातावरण निर्मित किया। गांव-गांव, नगर-नगर, प्रांत-प्रांत एवं निकट के देशों में घूमते हुए उन्होंने अहिंसा, अयुद्ध, साम्प्रदायिक सौहार्द, मैत्री, समन्वय, राष्ट्रीय एकता, एवं सद्भाव की प्रतिष्ठा करने में अपूर्व एवं ऐतिहासिक योगदान दिया है तथा लाखों-लाखों लोगों से सीधा सम्पर्क स्थापित कर उन्हें अहिंसक बनने, साम्प्रदायिक सौहार्द स्थापित करने एवं व्यसनमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी। उनके इस चरैवेति-चरैवेति जीवनक्रम एवं संकल्प को देखकर सहसा वेदमंत्र -ह्यपश्य सूर्यस्य श्रेमाणं, यो न तन्द्रयते चरन्ह्य की स्मृति हो उठी है अर्थात् सूर्य चिरकाल से भ्रमण कर रहा है, पर कभी थकता नहीं, चलता ही जाता है।

बात केवल रूस-यूक्रेन युद्ध की ही नहीं है बल्कि देश के भीतर घटित हिंसा के ताण्डव की भी है। जबकि अहिंसा सबसे ताकतवर हथियार है, बशर्ते कि इसमें पूरी ईमानदारी बरती जाए। लेकिन देश में किसान आन्दोलन हो या ऐसे ही अन्य राजनैतिक आन्दोलन, उनमें हिंसा का होना गहन चिन्ता का कारण बना है। हिंसा, नक्सलवाद और आतंकवाद की स्थितियों ने जीवन में अस्थिरता एवं भय व्याप्त कर रखा है। अहिंसा की इस पवित्र भारत भूमि में हिंसा का तांडव सोचनीय है। महावीर, बुद्ध, गांधी एवं आचार्य तुलसी के देश में हिंसा को अपने स्वार्थपूर्ति का हथियार बनाना गंभीर चिंता का विषय है। इस जटिल माहौल में आचार्य श्री महाश्रमण द्वारा अहिंसा यात्रा के विशेष उपक्रम के माध्यम से अहिंसक जीवनशैली और उसके प्रशिक्षण का उपक्रम और विभिन्न धर्म, जाति, वर्ग, संप्रदाय के लोगों के बीच संपर्क अभियान चलाकर उन्हें अहिंसक बनने को प्रेरित किया जाना न केवल प्रासंगिक रहा है, बल्कि राष्ट्रीय जीवन की बड़ी आवश्यकता थी। इन प्रयत्नों का विश्व की महाशक्तियों एवं उनकी हिंसक मानसिकता पर भी व्यापक प्रभाव देखने को मिला एवं असंख्य लोगों ने अहिंसक जीवन का संकल्प लिया, जिसका प्रभाव विश्वव्यापी हुआ। आचार्य श्री महाश्रमण की अहिंसा यात्रा धर्म की यात्रा बनी, अहिंसा एवं अयुद्ध की यात्रा बनी, मैत्री यात्रा बनी, प्रेम एवं अपनत्व की यात्रा बनी, नशामुक्ति की यात्रा बनी, साम्प्रदायिक सौहार्द की यात्रा बनी, समता एवं समन्वय की यात्रा बनी, जीवनमूल्यों की यात्रा बनी एवं सेवा-परोपकार की यात्रा बनी। भाषा, रंग, सम्प्रदाय एवं भौगोलिकता में बंटी मानव जाति की एकता को सुनिश्चित करना ही इस यात्रा का उद्देश्य रहा है। इंसानों को आपस में तोड़ने नहीं, बल्कि जोड़ने के लिये इस यात्रा ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई। विशेषतः अहिंसक शक्तियों को संगठित किया गया। क्योंकि अहिंसा ताकतवरों का हथियार है। दमनकारी के खिलाफ वही सिर उठाकर खड़ा हो सकता है, जिसे कोई डर न हो, जो अहिंसक हो एवं मूल्यों के लिये प्रतिबद्ध हो।

यहाँ अमर बनाया जाता है

डॉ. सुरेश कुमार

यहाँ सब मरे जा रहे हैं। हर पल हर मिनट हर घंटे। यह छद्म अमरता का भूतियापा जब किसी के सिर पर चढ़ जाता है तो वह उसे भूखा नंगा और दंगाई बनाकर छोड़ता है। अमरता की चाभी और भूतियापा का ताला मानो एक दूसरे के लिए बने हैं। जो इंसान बुखार में भी अमरता का स्वास्थ चाहता है वही सबसे जुनूनी कहलाता है। अब आपको क्या बताएं यहां अमरता प्राप्ति के लिए कौन-कौन, क्या-क्या और कैसे-कैसे जुगाड़ लगा रहा है। यहाँ अजीब होड़ लगी है। यहां जीतने के लिए दौड़ने की नहीं गिराने की जरूरत पड़ती है। अमरता की पागलपंती के लिए कोई लिख लिखकर बावला हुए जा रहा है तो कोई होर्डिंग, पोस्टर, ब्राउचर तो कोई पंपलेट पर लेट लेट कर अपनी हंसती छवि में खुद को पहुंची ही हस्ती सिद्ध करने में मरा जा रहा है। कोई भगवान के नाम पर चंदा तो कोई चंदे के नाम पर भगवान का धंधा कर रहा है।चंदे के धंधे में अमरता के बंदे हर गली चौराहों पर उछल कूद करते हुए मिल जाएंगे। यहां कोई पद पाने के लिए पदयात्रा कर रहा है तो कोई कुर्सी पाने के लिए कुर्सासन रहा है। कोई तुक्के के नाम पर बेतुकी बातें कर रहा है तो कोई तन मन धन की बात कर रहा है। सब के सब अमरता के भूतियापा में आकंठ डूबे हुए हैं। अमरता की इमरती के लिए कोई भेष बदलकर अवतारी बनने पर तुला है तो कोई अपनी ताकत के पेपरवेट के नीचे कागज सरीखे लोगो को दबाए रखा है। कुछ अपने मत के पथ पर तो कुछ पथ के मत पर अड़े हुए हैं। इनकी सार्वभौमिकता आतंक का पर्याय है। नैतिकता से शून्य अमरत्व पिपासु मूल्यों पर लंबी लंबी फेंके जा रहे हैं। गुरु की गुरुताई और चेले की धूरताई एक दूसरे पर भारी पड़ रही है। वेद पुराण उपनिषद का ज्ञान इन के लिए वनलाइनर बनकर रह गया है। नौजवान दुनिया में अमरता का खेला बुद्धिजीवी खेले जा रहे हैं। दिन को रात और रात को दिन बताए जा रहे हैं।

सीएसके के स्टार आलराउंडर मोईन अली को मिला वीजा

नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के स्टार आलराउंडर मोईन अली को भारत का वीजा मिल गया है और वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी टीम के दूसरे मैच में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। फ्रेंचाइजी के सीईओ कासी विश्वनाथन ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इंग्लैंड का यह खिलाड़ी हालांकि गुरुवार को मुंबई पहुंच जाएगा लेकिन उन्हें अपनी टीम से जुड़ने से पहले तीन दिन तक पृथकवास पर रहना होगा

और इस कारण कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ शनिवार को होने वाले पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे। विश्वनाथन ने कहा, 'मोईन को वीजा मिल गया है और वह आज मुंबई पहुंच जाएंगे। वह तीन दिन का पृथकवास पूरा करने के बाद दूसरे मैच के लिये उपलब्ध रहेंगे।'

पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों के लिए वीजा के तय मानदंडों के कारण उन्हें वीजा मिलने में देरी हुई। मोईन के दादा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से इंग्लैंड चले गए थे लेकिन मोईन का जन्म इंग्लैंड में हुआ है और वह अक्सर भारत आते रहते हैं। आईपीएल 2022 का पहला मैच वानखेड़े स्टेडियम में चार बार के चैंपियन सीएसके और पिछले साल के उप-विजेता केकेआर के बीच खेला जाएगा। सीएसके को अपना दूसरा मैच 31 मार्च को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलना है। मोईन ने चेन्नई को आईपीएल का चौथा खिताब दिलवाने में अहम भूमिका निभायी थी और इसलिए फ्रेंचाइजी ने नीलामी से पहले कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, रविंद्र जडेजा और रुतुराज गायकवाड़ के साथ उन्हें टीम में बनाए रखा था। मोईन ने पिछले साल आईपीएल में चेन्नई की तरफ से 15 मैचों में 357 रन बनाए और छह विकेट लिए थे।

नीरज चोपड़ा ने अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया

नई दिल्ली। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया है जिससे वह अपने प्रशंसकों से सीधे जुड़ सकेंगे। चोपड़ा खेल और फिटनेस पर लंबे और छोटे वीडियो के मार्फत अपनी कहानियां साझा करेंगे।उनका यूट्यूब चैनल रविवार को लांच किया गया। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडिल पर अपने 70 लाख प्रशंसकों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा ,'' यूट्यूब के साथ मेरा खास जुड़ाव है चूंकि दुनिया भर के भालाफेंक खिलाड़ियों को मैं इस पर देखता था। मैने उनके वीडियो देखकर काफी कुछ सीखा। इसके अलावा अभ्यास सत्रों के बीच मनोरंजन के लिये भी मैं यूट्यूब देखता हूं।'' उन्होंने कहा ,'' अब मेरा अपना चैनल शुरू करने का रोमांच है। उम्मीद है कि अगली पीढी के भारतीय खिलाड़ियों की मदद कर सकूंगा।

टी20 क्रिकेट में बढेगी आक्रामक बल्लेबाजों की भूमिका : पावरहिटिंग कोच वुड

नई दिल्ली। टी20 प्रारूप में आक्रामक बल्लेबाजों की बढती भूमिका को सबसे पहले समझने वाले पावरहिटिंग कोच जूलियन वुड का मानना है कि धीमी गति से अपने कौशल की बानगी पेश करने वाले बल्लेबाजों को अपने खेल को बदलना होगा।इंग्लैंड के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर वुड पंजाब किंग्स के साथ आईपीएल में जुड़े हैं। बारह वर्ष पहले अमेरिकी बेसबॉल क्लब टैक्सास रेंजर्स के मुख्य कोच से हुई मुलाकात ने वुड का क्रिकेट के प्रति नजरिया बदल दिया। उस समय टी20 क्रिकेट शैशवास्था में था जब वुड ने पावरहिटिंग की अहमियत पर फोकस किया। अब 2022 में आईपीएल की सारी टीमें तेजी से रन बनाने वाले बल्लेबाजों को महंगे दामों खरीद रहीं हैं। वुड ने कहा ,'' अब समय आ गया है कि आम बल्लेबाजी कोच की बजाय विशेषज्ञ कोच लिये जाये जैसे कि मैं हूं। टीमों ने भी तय किया है कि यही आगे का रास्ता है।'' उन्होंने कहा ,'' क्रिकेट हमेशा से काफी पारंपरिक खेल रहा है और इसमें बदलाव में समय लगता है।

तमीम इकबाल के 87 रन से बांगलादेश ने दक्षिण अफ्रीका में पहली बार जीती वनडे सीरीज

सेंचुरियन। सेंचुरियन के मैदान पर बांगलादेश क्रिकेट टीम ने इतिहास रच दिया है। सीरीज के निर्णायक तीसरे वनडे में पहले खेलने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले खेलते हुए महज 154 रन पर ऑल आऊट हो गई थी। बांगलादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद इस दौरान पांच विकेट निकालने में सफल रहे। जवाब में मिले लक्ष्य का बांगलादेश की टीम ने नौ विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। बांगलादेश ने इसके साथ ही दक्षिण अफ्रीका में पहली बार वनडे सीरीज भी जीत ली।

मैच की बात की जाए तो दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत अच्छी रही थी। ओपनर जानेमन मलान और डिकॉक ने पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े थे। लेकिन इसके बाद अफ्रीकी टॉप ऑर्डर सस्ते में ही पवेलियन लौट गया। डिकॉक ने 12, वेरियाने ने 9, बावुमा ने 2 तो दूसें ने महज 4 तो डेविड मिलर ने 16 रन बनाए। मध्यक्रम में प्रिटोरियस ने 20 तो केशव महाराज ने 28 रन बनाकर स्कोर 154 तक लाया लेकिन यह लक्ष्य बांगलादेश के बल्लेबाजों के आगे बहुत छोटा साबित हुआ। बंगलादेश की पहली विकेट 127 के स्कोर पर गिरी इसके बाद कप्तान तमिम इकबाल ने टीम को जीत की ओर धकेल दिया। पूरे मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज विकेट लेने के लिए संघर्ष करते हुए नजर आए। खास तौर पर धारधार गेंदबाजी कर रहे कागिसो रबाडा भी महंगे साबित हुए। बांगलादेश की गेंदबाजी की बात की जाए तो शोरीफुल इस्लाम ने 37 रन देकर एक, मेहंदी हसन ने 27 रन देकर 1, शाकिब अल हसन ने 24 रन देकर दो तो तस्कीन अहमद ने 35 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। बांगलादेश ने पहला वनडे 38 रन से जीता था। इसमें पहले खेलते हुए बांगलादेश ने तमिम के 41, लिटन दास के 50, शाकिब के 77, यासिर अली के 50 रनों की बदौलत 314 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम रासी दूसें के 86 और डेविड मिलर के 79 रनों के बावजूद हार गई थी। दूसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने वापसी करते हुए बांगलादेश को 194 रन पर ही आऊट कर दिया था। रबाडा इस दौरान पांच विकेट लेने में सफल रहे। जवाब में खेलने उतरे अफ्रीकी बल्लेबाजों ने सात विकेट से मैच जीत सीरीज 1-1की बराबरी पर ला खड़ी की थी। डिकॉक ने इस मैच में 41 गेंदों में 62 रन बनाए थे।

अविनाश साबले ने स्टीपलचेस में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

तिरूवनंतपुरम। अविनाश साबले ने इंडियन ग्रां प्री टू एथलेटिक्स में पुरूषों की 3000 मीटर स्टीपलचेस में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। महिला वर्ग में प्रिया एच मोहन और चक्काफेंक खिलाड़ी कमलप्रीत सिंह अव्वल रहीं। टोक्यो ओलिम्पिक के बाद पहली बार खेल रहे महाराष्ट्र के साबले ने 8.16.21 का समय निकाला।

उन्होंने टोक्यो में बनाया अपना ही रिकॉर्ड 1.91 सेकंड से तोड़ा। पुरूषों की त्रिकूद में केरल के एल्डोस पाउल ने स्वर्ण पदक जीता। चक्काफेंक में कमलप्रीत ने दो थ्रो 60 मीटर प्लस के फेंके और छठे तथा आखिरी प्रयास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 61.39 मीटर का थ्रो लगाया। महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में प्रिया मोहन

ने 52.37 सेकंड का समय निकालकर एम आर पूवम्मा को पछाड़ा। पुरूषों की 400 मीटर दौड़ में तमिलनाडु के राजेश रमेश ने केरल के नोआह निर्मल टॉम को मात दी।

लखनऊ टीम में चोटिल मार्क वुड की जगह लेंगे एंड्र्यू टाइ

मुंबई । लखनऊ सुपर जायंट्स ने टाटा आईपीएल में अपने चोटिल खिलाड़ी मार्क वुड की जगह ऑस्ट्रेलिया के एंड्र्यू टाई को शामिल किया है। मार्क वुड को इस महीने के शुरू में वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में कोहनी में चोट लगी थी। एंड्र्यू टाई ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 32 टी20 खेले हैं और 47 विकेट लिए हैं जबकि आईपीएल में 27 मैचों में उन्होंने 40 विकेट लिए हैं।

वह अपनी एक करोड़ रुपये की कीमत में लखनऊ टीम के साथ जुड़ेंगे। घरेलू स्तर पर टाई पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया और पर्थ स्कॉर्चर्स के लिए खेलते हैं। वह अपने नॉक बॉल के इस्तेमाल और गति की विभिन्नता के लिए सबसे प्रसिद्ध हैं। टाई ने 2017 में आईपीएल में डैब्यू किया था। पहले साल वह छह मैच खेले जिसमें 12 विकेट मिले। 2018

में उन्हें 14 मैचों में 24 विकेट मिले थे। 2019 के 6 मैचों में उनके नाम पर 3 विकेट थे। 2020 में वह एक ही मैच खेल पाए थे जिसमें उन्हें एक विकेट मिली थी। टाय पहले दो साल पंजाब के लिए फिर दो साल राजस्थान के लिए खेले। राजस्थान की ओर से उन्हें सिर्फ सात मैच खेलने को मिले जिसमें उन्हें चार विकेट ही मिले।

महिला विश्व कप: इंग्लैंड ने पाकिस्तान को हराया, प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद बरकरार

क्राइस्टचर्च। कैथरीन ब्रंट (17 रन पर तीन विकेट) और सोफी एक्लेस्टोन (18 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी और फिर डेनिएल व्याट (76) के शानदार अर्धशतक की बदौलत इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने यहां गुरुवार को पाकिस्तान को 9 विकेट से एकतरफा अंदाज में हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड ने प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीद को बरकरार रखा है, जबकि पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। गत विजेता इंग्लैंड ने टॉस जीत कर गेंदबाजी चुनी और घातक गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान को 41.3 ओवर में महज 105 रन पर ढेर कर दिया। ब्रंट और एक्लेस्टोन ने घातक

गेंदबाजी की और क्रमशः आठ ओवर में 17 रन पर तीन और 8.3 ओवर में 18 रन पर तीन विकेट लिए। इसके बाद इंग्लैंड ने अनुभवी बल्लेबाज डेनिएल व्याट के शानदार अर्धशतक से 19.2 ओवर में ही एक विकेट पर 107 रन बना कर मैच जीत लिया।

व्याट ने 11 चौकों की मदद से 68 गेंदों पर 76 रन की पारी खेली, जिसके लिए उन्हें'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। कप्तान हीथर नाइट ने भी 36 गेंदों पर 24 रन का योगदान दिया। वहीं पाकिस्तान की ओर से सिदरा अमीन ने चार चौकों के सहारे 77 गेंदों पर सर्वाधिक 32 रन बनाए। गेंदबाजी में केवल डायना बेग को एक विकेट मिला। उल्लेखनीय है कि इस बड़ी जीत के साथ इंग्लैंड दो अंक हासिल कर अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ उसके छह अंक हैं। वहीं पाकिस्तान छह में से पांच मैच हार कर दो अंकों के साथ सबसे निचले आठवें स्थान पर बरकरार है।

पहले पांच मैच नहीं खेल सकेंगे कमिंस और फिंच : हसी

मुंबई। कोलकाता नाइट राइडर्स को इंडियन प्रीमियर लीग 15 के पहले पांच मैचों में आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस और बल्लेबाज आरोन फिंच की कमी खलेगी। टीम के मार्गदर्शक डेविड हसी ने यह जानकारी दी। केकेआर को पहला मैच गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स से 26 मार्च को खेलना है। हसी ने कहा ,'' आप चाहते हैं कि आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खेलें लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से जुड़ी व्यस्ततायें है। हर क्रिकेटर देश के लिये खेलना चाहता है और खेलना भी चाहिये।'' उन्होंने कहा ,'' मुझे लगता है कि कमिंस और फिंच पहले पांच मैच नहीं खेल सकेंगे लेकिन वे मैच फिट रहेंगे। मैदान पर आते ही ड्रेसिंग रूम में जल्दी ढल जायेंगे।'' आस्ट्रेलियाई टीम का पाकिस्तान दौरा पांच अप्रैल को खत्म होगा जबकि केकेआर का पांचवां मैच दस अप्रैल को है। हसी का मानना है कि टीम के नये कप्तान श्रेयस अय्यर को क्रिकेट की अच्छी समझ है और उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में अपने नेतृत्व कौशल को साबित किया है। दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2020 के फाइनल में पहुंचाने वाले अय्यर को केकेआर ने पिछले महीने मेगा नीलामी में 12.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। केकेआर टीम प्रबंधन ने उन्हें आस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के कप्तान तेज गेंदबाज पैट कमिंस पर प्राथमिकता दी।

शास्त्री का बड़ा बयान, विराट कोहली के लिए कप्तानी छोड़ना वरदान साबित हो सकता है

नई दिल्ली । भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि कप्तानी छोड़ने से विराट कोहली अब अधिक खुलकर खेलना शुरू कर सकते हैं और यह इस शानदार बल्लेबाजी स्टार के लिए वरदान साबित हो सकता है। टीम के मुख्य कोच के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कोहली के साथ मिलकर काम करने वाले शास्त्री ने सुझाव दिया कि कप्तानी छोड़ना एक चतुर निर्णय था, हालांकि उनका मानना ??है कि कोहली को भारत के टेस्ट कप्तान बने रहना चाहिए था।

शास्त्री ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है यह (कप्तानी छोड़ना) आशीर्वाद हो सकता है। उसके कंधों से कप्तानी

का दबाव, कप्तान होने के साथ आने वाली उम्मीदें अब नहीं हैं। वह बाहर जा सकता है, खुद को व्यक्त कर सकता है, स्वतंत्र रूप से खेल सकता है और मुझे लगता है कि वह ऐसा ही करना चाहेंगे।

पूर्व भारतीय कोच ने कहा कि मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने प्रदर्शन के बारे में चिंता न करें, क्योंकि उसने विश्व क्रिकेट में लोगों को यह जानने के लिए पर्याप्त है कि वह कहां खड़ा है। यह उसके बारे में है कि वह वहां खुद का आनंद लेना चाहता है। मुझे लगता है कि यही कुंजी है। यह यह अपने आप से कहने का मामला है, मैं वहां जाना चाहता हूं, खुद को अभिव्यक्त करना चाहता हूं और खुद का आनंद लेना चाहता हूं।

इससे पहले शास्त्री ने कहा था कि आईपीएल 2022 कई खिलाड़ियों के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के भविष्य के कप्तान के रूप में खुद को खोजने का अवसर है। शास्त्री ने हालांकि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि वह काफी अच्छा काम कर रहे हैं, लेकिन भारत यह देख रहा है कि भविष्य में टीम की कप्तानी कौन करेगा। उन्होंने कहा कि विराट ने पहले ही अपनी नौकरी छोड़ दी है। रोहित सफेद गेंद वाले क्रिकेट में एक उत्कृष्ट कप्तान हैं। लेकिन मुझे लगता है, यह आईपीएल भारत देख रहा होगा कि टीम (भविष्य में) की कप्तानी कौन करेगा - श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत केएल राहुल हैं।

डेनमार्क की केजेर्सफेल्ट को हराकर स्विस ओपन के दूसरे दौर में पहुंची पीवी सिंधु

बासेल । ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु ने यहां डेनमार्क की लाइन होमार्क केजेर्सफेल्ट को सीधे गेम में हराकर स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने अपने पहले दौर के मैच में 21-14, 21-12 से आसान जीत दर्ज की। रियो ओलंपिक की रजत पदक विजेता सिंधु का सामना दूसरे दौर में चीन की नेस्लीहान यिगित से होगा। अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की महिला युगल जोड़ी भी आगे बढ़ने में सफल रही। उन्होंने एलाइन मुलर और जेनजीरा स्टैडेलमैन की स्थानीय जोड़ी को

सीधे गेम में 21-15, 21-16 से हराया। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की पुरुष युगल जोड़ी इस सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्डियांतो की इंडोनेशियाई जोड़ी से 19-21, 13-21 से हार गई। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत भी अपने एकल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गए हैं।

महिला विश्व कप : वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच रद्द होने से सेमीफाइनल में पहुंचा दक्षिण अफ्रीका

वेलिंगटन। दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ लीग चरण का मैच बारिश के कारण रद्द होने से आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज को मैच रद्द होने से 1-1 अंक मिले। इससे दक्षिण अफ्रीका के छह मैचों में नौ अंक हो गए हैं और वह ऑस्ट्रेलिया के बाद सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बन गई है।

वेस्टइंडीज के लीग चरण के मैच समाप्त हो गए हैं और वह सात मैचों में सात अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। मैच में केवल 10.5 ओवर का खेल हो पाया। दक्षिण अफ्रीका ने जब पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने के बाद चार विकेट पर 61 रन बनाए थे, तभी बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा और इसके बाद आगे का खेल नहीं हो पाया। वेस्टइंडीज का पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला सही साबित हुआ और उसने 5.3 ओवर में ही दक्षिण अफ्रीका का स्कोर चार विकेट पर 22 रन कर दिया।

चिनेली हेनरी ने 19 रन देकर तीन जबकि शमिलिया कोनेल ने 18 रन देकर एक विकेट लिया। इसके बाद हालांकि मिगनोन डु प्रीज (31

गेंदों पर नाबाद 38) ने आक्रामक बल्लेबाजी शुरू कर दी थी। जब बारिश आयी तब उन्होंने मारिजान कैप (नाबाद पांच) के साथ पांचवें विकेट के लिए 39 रन जोड़े थे।

इस परिणाम का मतलब है कि भारत को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच हर हाल में जीतना होगा। यदि इस मैच का परिणाम नहीं निकलता है तो भारत को फायदा होगा क्योंकि उसका वेस्टइंडीज से बेहतर रन रेट है। वेस्टइंडीज की टीम इस मैच में दक्षिण अफ्रीका की जीत के लिये प्रार्थना करेगी। भारत के अभी छह मैचों में तीन जीत से छह अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर है। इंग्लैंड के भी इतने ही अंक हैं लेकिन वह बेहतर रन रेट के आधार पर भारत से आगे है।

उत्तर कोरिया ने एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइल दागी, समुद्र की ओर दागे जा रहे गोले

सियोल। उत्तर कोरिया ने समुद्र की ओर कम से कम एक संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल दागी। उत्तर कोरिया के पड़ोसी देशों की सेनाओं का कहना है कि वह जाहिर तौर पर अपनी हथियार प्रणाली की क्षमता बढ़ाना चाहता है और यह सिलसिला उसके सबसे बड़ी अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का प्रक्षेपण करने के बाद ही पूरा होगा। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने तत्काल यह नहीं बताया कि प्रक्षेपण किसका किया गया या उसने कितनी दूर तक उड़ान भरी।वहीं, जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उत्तर कोरिया ने संभवतः बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया है। यह इस साल उत्तर कोरिया का 12वां प्रक्षेपण था। गत रविवार को उत्तर कोरिया ने समुद्र में संदिग्ध गोले दागे थे। विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया अपने शस्त्रागार को आधुनिक बनाने के लिए तेजी से कार्रवाई कर रहा है और ठप पड़ी परमाणु निरस्त्रीकरण वार्ता के बीच अमेरिका पर रियायतें देने के लिए इसके जरिए दबाव डालना चाहता है। उत्तर कोरिया ने हाल के हफ्तों में अपने राजधानी क्षेत्र के पास से दो मध्यम-दूरी के परीक्षण किए हैं। अमेरिका तथा दक्षिण कोरियाई सेनाओं ने बाद में बताया था कि इसमें उत्तर कोरिया के सबसे बड़े आईसीबीएम अर्थात अन्तरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक प्रक्षेपास्त्र (ह्वासोंग -17) के घटक शामिल थे।

तालिबान ने संकल्प जताने के बावजूद लड़कियों की उच्च स्कूली शिक्षा पर रोक लगायी

काबुल। अफगानिस्तान के तालिबान शासन ने लड़कियों की उच्च स्कूली शिक्षा पर रोक लगाने का फैसला किया है, जिसके तहत छठी कक्षा से ऊपर के स्कूलों में लड़कियों को जाने की अनुमति नहीं रहेगी।हालांकि, पूर्व में तालिबान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष संकल्प जताया था कि वे महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों में कटौती नहीं करेंगे। तालिबान के एक अधिकारी ने इस कदम की पुष्टि

की है। अफगानिस्तान में नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से पहले तालिबान द्वारा ये फैसला लिया गया है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय तालिबानी नेताओं से जल्द ही स्कूल खोलने और महिलाओं को उनके सार्वजनिक अधिकारों से वंचित नहीं करने का आग्रह करता रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में मंत्रालय द्वारा जारी बयान में सभी छात्रों से स्कूल आने का अनुरोध किया गया था। तालिबान नीत प्रशासन में बाह्य संबंध अधिकारी वहीदुल्लाह हाशमी ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि लड़कियों के उच्च शिक्षा वाले स्कूलों में आने पर रोक संबंधी फैसला मंगलवार रात को सामने आया। हाशमी ने कहा, लड़कियों के लिए स्कूल बंद रहने संबंधी फैसले की जानकारी तालिबान नेतृत्व द्वारा हमे देर रात दी गई। हम यह नहीं कहते कि स्कूल हमेशा के लिए बंद रहेंगे। उन्होंने कहा, नेतृत्व ने यह फैसला नहीं किया है कि लड़कियों को कब और किस तरह से दोबारा स्कूल जाने की अनुमति दी जाएगी।

भारत, क्वाड में अमेरिका का एक महत्वपूर्ण भागीदार है : अधिकारी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि भारत, स्वतंत्र एवं मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझा दृष्टिकोण को साकार करने के लिए क्वाड में अमेरिका का एक महत्वपूर्ण भागीदार है।भारत, अमेरिका और कई अन्य विश्व शक्तियां क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों की पृष्ठभूमि में एक स्वतंत्र, मुक्त एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं। चीन लगभग पूरे विवादित दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है, हालांकि ताइवान, फिलीपीन, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम भी इसके कुछ हिस्सों पर दावा करते हैं। चीन ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप तथा सैन्य प्रतिष्ठान भी बनाए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने मंगलवार को दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''यह एक द्विपक्षीय संबंध है, जो पिछले 25 वर्षों में कई मायनों में गहरा हुआ है। यह द्विपक्षीय आधार पर ही संभव हो पाया है।'' प्राइस ने कहा, ''यह जॉर्ज डब्ल्यू बुश प्रशासन की विरासत का एक हिस्सा है, जहां हमने अमेरिका और भारत के बीच इस द्विपक्षीय संबंध को विकसित होते देखा है और हमारे रक्षा एवं सुरक्षा संबंधों सहित कई क्षेत्रों में यह संबंध प्रगाढ़ हुए हैं।''

जेलेंस्की ने वैश्विक रैली का आह्वान किया, कीव पर रूसी हमले के बीच रूसी पत्रकार ओक्साना बौलिना की मौत

कीवः रूस और यूक्रेन के बीच जंग को अब 28 दिन बीत चुके हैं। रूसी सेना लगातार कीव समेत कई शहरों पर हमले कर रही है। दोनों देशों में कोई भी झुकने के लिए तैयार नहीं है। वहीं इस्त्राइल ने रूस के डर से यूक्रेन को एनएसओ ग्रुप के पेगासस स्पाइवेयर खरीदने से रोक दिया है। इसी बीच बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस द्वारा लाया गया मानवीय मसौदा प्रस्ताव विफल रहा। इस प्रस्ताव पर मतदान से भारत समेत 13 देशों ने परहेज किया। सिर्फ रूस और चीन ने इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

जेलेंस्की ने वैश्विक रैली का आह्वान किया

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने यूक्रेन पर रूस के युद्ध का विरोध करने के लिए एक वैश्विक रैली का आह्वान किया है, जिसमें दुनिया के नागरिकों से सार्वजनिक रूप से युद्ध के खिलाफ खड़े होने का आग्रह किया गया है। जेलेंस्की ने कहा कि मैं आपसे युद्ध के खिलाफ खड़े होने की अपील करता हूं! यूक्रेन के प्रति अपने समर्थन को दिखाओ! अपने कार्यालयों, अपने घरों, अपने स्कूलों और विश्वविद्यालयों से लोग आगे आएं। शांति के नाम पर आएं। यूक्रेन का समर्थन करने के लिए, स्वतंत्रता का समर्थन करने के लिए, जीवन का समर्थन करने के लिए यूक्रेनी प्रतीकों के साथ इस रैली में शामिल हों।

जेलेंस्की बोले- दुनिया को युद्ध रोकना चाहिए

वोलोदिमिर जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर पोस्ट किए गए अपने ताजा संबोधन में कहा कि ÷हम सभी को रूस को रोकना चाहिए। दुनिया के सभी देशों को युद्ध रोकना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'शांतिपूर्ण लोगों के खिलाफ आतंक की हरकतें जारी हैं। एक महीना हो चुका है, इतनी देर। यह मेरे दिल, सभी यूक्रेनियन और पृथ्वी पर रहने वाले हर स्वतंत्र व्यक्ति के दिल को तोड़ देता है। इसलिए मैं आपसे युद्ध के खिलाफ खड़े होने की अपील करता हूं।

कीव पर रूसी हमले के बीच रूसी पत्रकार ओक्साना बौलिना की मौत

एएफपी समाचार एजेंसी के मुताबिक, रूसी पत्रकार ओक्साना बौलिना की रूसी सैनिकों द्वारा यूक्रेन की राजधानी कीव में एक आवासीय इलाके के पड़ोस में की गई गोलाबारी की में मौत हो गई। बौलिना खोजी समाचार आउटलेट द इनसाइडर के लिए काम करती थीं। आउटलेट ने बुधवार को उनके युद्ध में मरने की खबर की पुष्टि की है।

यूएनएससी में गिरा रूस का प्रस्ताव, भारत समेत 13 देशों ने बनाई दूरी

यूक्रेन में रूस के हमले के बाद पैदा हुए मानवीय संकट को लेकर मसौदा प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में बुधवार को हुए मतदान में भारत समेत 13 सदस्य देशों ने हिस्सा नहीं लिया। जिसके बाद यह प्रस्ताव यूएनएससी में विफल रहा। प्रस्ताव में रूस और यूक्रेन के बीच राजनीतिक वार्ता, बातचीत, मध्यस्थता और अन्य शांतिपूर्ण तरीकों से तत्काल शांतिपूर्ण समाधान का आग्रह किया गया था।

नेपाल के पीएम देउबा एक अप्रैल को आएंगे भारत, चीन के विदेश मंत्री वांग यी के दौरे के बाद होगी यात्रा

काठमांडूः नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा 1 अप्रैल को तीन दिनी भारत यात्रा पर आएंगे। पीएम मोदी के न्यौते पर वह यह यात्रा करेंगे। इससे पहले चीन के विदेश मंत्री वांग यी नेपाल यात्रा करेंगे। यी के दौरे के बाद देउबा दिल्ली आएंगे।

नेपाली पीएम की भारत यात्रा को लेकर काठमांडु पोस्ट ने सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट दी है। इसमें कहा गया है कि देउबा पीएम मोदी का न्यौता पहले ही स्वीकार कर चुके हैं। देउबा के भारत दौरे के ठीक पूर्व चीन के विदेश मंत्री यी का तीन दिनी नेपाल दौरा संपन्न होगा। यी पाकिस्तान से दिल्ली होते हुए नेपाल का दौरा करेंगे।

बीते सप्ताह श्रीलंका के वित्त

मंत्री बासिल राजपक्षे दिल्ली आए थे और पीएम मोदी व विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मिले थे। उन्होंने श्रीलंका की अर्थव्यवस्था के प्रति भारत के सहयोग के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद दिया था।

भारत ने श्रीलंका की संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था को बचाने, खासकर गंभीर वित्तीय बाधाओं व भुगतान संकट दूर करने के लिए 2.41 अरब डॉलर की मदद की है।

इस साल जनवरी में भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने श्रीलंका के वित्त मंत्री तुलसी राजपक्षे के साथ वर्चुअल बैठक की और बताया कि भारत हमेशा श्रीलंका के साथ खड़ा रहा है और कोविड महामारी के बाद आर्थिक और अन्य चुनौतियों पर काबू पाने के लिए हर संभव तरीके से श्रीलंका का समर्थन करना जारी रखेगा।

अमेरिका की ऊर्जा कंपनियों में बढ़ रही रूसी हैकरों की रूचिः एफबीआई

वाशिंगटन। एफबीआई ने आगाह किया है कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की शुरुआत के बाद से अमेरिका की ऊर्जा कंपनियों में रूसी हैकरों की रूचि बढ़ रही है। हालांकि एफबीआई ने यह नहीं बताया कि संभावित साइबर हमले से निपटने के लिये क्या योजना है।एसोसिएटिड प्रेस को मंगलवार को हासिल हुए संघीय अन्वेषण ब्यूरो (एफबीआई) के एक परामर्श में कहा गया है कि रूसी हैकरों ने कम से कम पांच ऊर्जा कंपनियों और अन्य क्षेत्रों की कम से कम 18 अन्य कंपनियों पर नजर रखी है, जिनमें रक्षा उद्योग और वित्तीय सेवाओं से संबंधित कंपनियांशामिल हैं। परामर्श में किसी भी कंपनी की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। एफबीआई कीयह चेतावनी यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद साइबर सुरक्षा को लेकर बाइडन प्रशासन की चिंताओं को रेखांकित करती है। व्हाइट हाउस ने सोमवार को कहा था कि इस बात की खुफिया जानकारी मिली है कि रूस अमेरिका के ऐनी न्यूबर्गर में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर साइबर हमले शुरू करने पर विचार कर रहा है।

27 मार्च को इमरान की मेगा रैली, कुरान का हवाला देकर लोगों से अपील- बुराई से लड़ें, सत्ता के खरीदारों को जवाब दें

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ 25 मार्च यानी कल संसद में अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा। मौजूदा हालात देखते हुए इमरान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास होने के आसार ज्यादा है। विपक्षी पार्टियों के अलावा उन्हें अपनी ही पार्टी में विरोध का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि संसद के कुल 342 सांसदों में से 190 इमरान के खिलाफ हैं, जो कि अविश्वास प्रस्ताव पास कराने के आंकड़े से ज्यादा है। कुर्सी बचाने की आखिरी कोशिश के तौर पर इमरान अब 27 मार्च को एक मेगा रैली करने जा रहे हैं। उन्होंने इस रैली में बड़ी तादाद में शामिल होने के लिए लोगों से अपील की है। गुरुवार को इमरान ने एक वीडियो मैसेज में कुरान का हवाला देते हुए पाकिस्तानियों से कहा- आप अच्छाई का साथ दीजिए। बुराई से लड़िए और सत्ता के खरीदारों को जवाब दीजिए।

भविष्यवाणी- शाहबाज शरीफ होंगे अगले प्रधानमंत्री...

पाकिस्तान में चल रही राजनीतिक उथल-पुथल के बीच, सिंध के कृषि मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता मंजूर वासन ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग के अध्यक्ष शाहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री बनने की भविष्यवाणी की है।

यूएस की पहली महिला विदेश मंत्री अलब्राइट का निधन, राष्ट्रपति बाइडेन सहित कई शीर्ष नेताओं ने जताया शोक

वाशिंगटन। अमेरिका की पहली महिला विदेश मंत्री मेडलीन अलब्राइट का कैंसर के कारण निधन हो गया। उनके परिवार ने बुधवार को यह जानकारी दी। अलब्राइट 84 वर्ष की थी। राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 1996 में अलब्राइट को विदेश मंत्री बनाया था और उन्होंने क्लिंटन प्रशासन के अंतिम चार वर्षों में इस पद पर सेवा दी। उस समय, वह अमेरिकी सरकार के इतिहास में सर्वोच्च पद पर आसीन महिला थीं। उनके परिवार ने ट्विटर पर बताया कि अंतिम समय में उनके आसपास परिवार के सदस्य और दोस्त थे। उनके मुताबिक, उनके निधन की वजह कैंसर है।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन सहित देश के कई नेताओं ने अमेरिका की पहली महिला विदेश मंत्री मेडलीन अलब्राइट के निधन पर शोक व्यक्त किया। राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि

मेडलीन अलब्राइट का इतिहास में एक बड़ा नाम है... वह अमेरिका की एक प्रतिबद्ध विदेश मंत्री थीं... '' मैं अमेरिका को अपरिहार्य राष्ट्र मानने के उनके उत्कट विश्वास को हमेशा याद रखूंगा।' विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने कहा, ''मेडलीन अलब्राइट एक बेहतरीन राजनयिक, एक दूरदर्शी नेता, एक साहसी पथप्रदर्शक, एक समर्पित संरक्षक और एक महान इंसान थीं। उन्होंने अमेरिका से बेहद प्यार किया और इसकी सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया।'

पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने कहा, ''मेडलीन अलब्राइट इस बात से पूरी तरह वाकिफ थीं कि अमेरिका के नीतिगत फैसलों में दुनिया भर के लोगों के जीवन में बदलाव लाने की शक्ति है, उन्होंने अपने पद को दायित्व एवं अवसर दोनों के रूप में देखा। दो हफ्ते पहले हमारी आखिरी बातचीत तक भी उन्होंने कभी अपने हास्यपूर्ण व्यवहार तथा दृढ़ संकल्प को नहीं खोया...यूक्रेन की स्वतंत्रता एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए भी उन्होंने आवाज उठाई।' राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 1996 में अलब्राइट को विदेश मंत्री बनाया था और उन्होंने क्लिंटन प्रशासन के अंतिम चार वर्षों में इस पद पर सेवाएं दी थी

महिलाओं से दुराचार में लिप्त चर्च संस्थापक को हटाया, हिलसॉन्ग चर्च ने इसे विश्वास को तोड़ने वाला मामला बताया

मेलर्बन। ऑस्ट्रेलिया के हिलसॉन्ग चर्च ने अपने संस्थापक व प्रमुख को इस्तीफा दिला कर पद से हटा दिया। चर्च में ग्लोबल सीनियर पास्चर रहा 68 साल का ब्रायन हाउस्टन दो महिलाओं से दुराचरण में लिप्त मिला था। यह चर्च देश का सबसे बड़ा इवेंजलिकल चर्च है। दुराचार के आरोप अंदरूनी जांच में सही पाए गए।

हिलसॉन्ग चर्च ने बयान दिया कि ब्रायन ने चर्च में आस्था रखने वालों का विश्वास तोड़ा है। खुद चर्च इससे प्रभावित है। ब्रायन को

ब्रायन ने सिडनी में अपनी पत्नी बॉबी के साथ मिलकर इस चर्च की स्थापना की थी। 80 के दशक में इसकी शाखाएं यूरोप, एशिया और उत्तरी व दक्षिणी अमेरिका में तरीकों व ढांचे का स्वतंत्र मूल्यांकन करवाया जा रहा है। भी स्थापित कीं। उसके पिता द्वारा 70 के दशक में किए गए यौन शोषण को छिपाने का आपराधिक आरोप भी ब्रायन पर लगा।

अपनी करनी का दोष नींद की गोलियों पर डाला

करीब एक दशक पहले ब्रायन ने चर्च की एक महिला स्टाफ को अशोभनीय एसएमएस भेजा था। इस वजह से इस महिला ने चर्च छोड़ दिया। चर्च ने 2018 में यह खुलासा किया। ब्रायन ने अपने बचाव में कहा कि वे नींद की गोलियों के असर में थे।

2019 में चर्च की कॉन्फ्रेंस के बाद ब्रायन ने एक अनजान महिला के होटल के कमरे में जाकर कुछ समय बिताया। चर्च ने उसका बचाव कर कहा कि 'उस समय ब्रायन ने नींद की गोलियां और शराब दोनों का सेवन कर रखा था, वह बहका हुआ था।' हालांकि बाद में चर्च को मानना पड़ा कि ब्रायन का आचरण गलत था।

पीएम मॉरिसन ने भी की थी इस चर्च में प्रार्थना

ब्रायन के कारनामे से चर्च की बिगड़ती छवि को और नुकसान हुआ है। हिलसॉन्ग चर्च में कई जाने-माने व्यक्ति और राजनेता आते रहे हैं।

ऑस्ट्रेलियाई पीएम स्कॉट मॉरिसन ने 2019 में यहां प्रार्थना का नेतृत्व भी किया था। ऑस्ट्रेलिया में जल्द ही चुनाव होने जा रहे हैं, चर्च के इस प्रकरण से उनकी लोकप्रियता पर बुरा असर पड़ सकता है।

5.1 तीव्रता के झटकों से हिला हैती, कुछ लोग मामूली रूप से घायल

पोर्ट ऑ प्रिंस। हैती में 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। जेरेमी में 'रेडियो कैराबेस' के एक रिपोर्टर ने 'द एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि भूकंप के कारण अभी तक किसी के मारे जाने या गंभीर रूप से घायल होने की कोई जानकारी नहीं है।भूकंप महसूस होने पर लोग घबरा कर भागने लगे जिससे कुछ लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। कुछ लोगों ने बताया कि 2021 में आए भूकंप से जिन दीवारों में दरारें आ गई थी, वे ढह गईं। हैती की नागरिक सुरक्षा एजेंसी के प्रवक्ता से तत्काल संपर्क नहीं हो सका। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि भूकंप का केन्द्र जेरेमी से 11 मील (18 किलोमीटर) उत्तर में, छह मील (10 किलोमीटर) की

गहराई पर था। अगस्त 2021 में दक्षिणी हैती में 7.2 तीव्रता का भीषण भूकंप आया था, जिसमें 2000 से अधिक लोग मारे गए थे और हजारों मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

उत्तर कोरिया ने प्रतिबंधित बैलेस्टिक मिसाइल दागकर दुनिया को दी बड़ी चुनौती

प्योंग्यांग। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे महायुद्ध के बीच पूरी दुनिया पर तीसरे विश्व युद्ध का खतरा मंडरा रहा है। इसी दौरान उत्तर कोरिया ने भी दुनिया को बड़ी चुनौती दी है। उत्तर कोरिया ने गुरुवार को प्रतिबंधित अंतर महाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल दाग दी। इसे लेकर दुनिया भर में चिंता के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए सवाल भी खड़े हुए हैं।

गुरुवार को दक्षिण कोरिया की ओर से दावा किया गया कि उत्तर कोरिया ने प्रतिबंधित अंतरमहाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल दाग दी है। ऐसे मिसाइल परीक्षण पर वर्ष 2017 में रोक लगाई गयी थी। 2017 के बाद पहली बार उत्तर कोरिया ने यह कदम उठाया है। मिसाइल दागे जाने के बाद एक घंटे से अधिक समय तक यात्रा करने के बाद जापान के समुद्र

में गिरी।

जापान के अधिकारियों का मानना है कि यह बैलेस्टिक मिसाइल लगभग 1100 किलोमीटर चली होगी। उनके मुताबिक यह मिसाइल जापान के समुद्र में गिरने से पहले छह हजार किलोमीटर से अधिक ऊंचाई तक पहुंच गयी थी। सामान्यतः यह बैलेस्टिक मिसाइल निश्चित रास्ते पर चलते हुए हजारों किलोमीटर तक की यात्रा कर सकती है। इस तरह अब अमेरिका भी उत्तर कोरिया के मिसाइल आक्रमण की परिधि में शामिल हो गया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीनों में उत्तर कोरिया ने मिसाइल परीक्षण की रफ्तार अचानक बढ़ा दी है। अब प्रतिबंधित मिसाइल का परीक्षण कर उत्तर कोरिया ने पूरी दुनिया को चुनौती दी है।